आर.एन.आई. नबंर – MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!

वर्ष-11। अंक 181। मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शनिवार, 05 जुलाई, 2025

## जल जीवन मिशन के माध्यम से 73 ग्रामीण परिवारों को घर पर नल से पेयजल उपलब्ध

# मुख्यमंत्री की पहल से बंजारी एवं फत्तेगंज ग्रामों में जल संकट हुआ समाप्त

**संवाददाता ● रायपुर**

राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजना जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज में पेयजल संकट का समाधान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत इन ग्रामों में पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण कर प्रत्येक घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

ग्राम पंचायत चारभाठा के आश्रित ग्राम बंजारी में 39 तथा फत्तेगंज में 34 परिवार निवासरत हैं, जहां पूर्व में पेयजल का एकमात्र स्रोत हैंडपंप ही था। गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने के कारण ग्रामीणों को पेयजल हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। विशेषकर महिलाओं को दैनिक उपयोग हेतु पानी लाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे उनका अधिकांश समय पेयजल संग्रहण में व्यतीत होता था।

उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम बंजारी में 950 मीटर एवं फत्तेगंज में 750 मीटर पाइपलाइन बिछायी गई। सौर ऊर्जा आधारित



पम्प प्रणाली के माध्यम से इन ग्रामों में 24 घंटे नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में ग्रामों को हर घर जल घोषित किया गया है। इस योजना से ग्रामीणों की दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव आया है। अब पेयजल व्यवस्था में लगने वाला समय अन्य रचनात्मक एवं आर्थिक गतिविधियों में उपयोग किया जा रहा है, जिससे उनकी उत्पादकता में वृद्धि हुई है तथा जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

ग्राम की निवासी श्रीमती निर्मला साहू एवं श्रीमती अंजू सिन्हा ने बताया कि पूर्व में पेयजल की व्यवस्था हेतु दिन का अधिकांश समय खर्च होता था, जिससे बच्चों की देखभाल एवं उनकी शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाती थीं। अब घर में ही नल से जल उपलब्ध होने से बच्चों को पढ़ाई के लिए अधिक समय मिलने लगा है, जिससे शैक्षणिक प्रगति भी हुई है।

जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्राम बंजारी एवं फत्तेगंज में न केवल पेयजल संकट का समाधान हुआ है, अपितु सामाजिक और शैक्षणिक विकास को भी गति मिली है।

## मुख्यमंत्री ने वॉटर वुमन शिप्रा का किया सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 'वॉटर वुमन' के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधरोपण को जन-जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए कार्यों के लिए व्यापक स्तर पर पहचान प्राप्त की है। उनके नेतृत्व में पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है, बल्कि आम लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी किया है।इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर हरिशंकर सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणा का



स्रोत हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# PM मोदी को त्रिनिदाद एंड टोबैगो का सर्वोच्च सम्मान

## यह अवॉर्ड पाने वाले पहले विदेशी, 25 देश दे चुके हैं अपना सबसे बड़ा सम्मान

**एजेंसी ● पोर्ट ऑफ स्पेन**

त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे पर पहुंचे PM मोदी को राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू ने देश के सर्वोच्च पुरस्कार, 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद और टोबैगो' से नवाजा है। PM मोदी ने राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू और पीएम कमला परसाद बिसेसर को इसके लिए शुक्रिया कहा।

PM मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो के 'ऑर्डर ऑफ द ऑर्डर' से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता बन गए हैं। यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 25वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

अवार्ड पाने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हमारे रिश्तों में क्रिकेट का रोमांच और मसाले की तीखी खुशबू है। दोनों देशों की संस्कृतियों में गहरी समानता हमारी ताकत है। हम त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों के स्किल डेवलपमेंट पर जोर दे रहे हैं।

हमारा सहयोग पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है। दो मजबूत लोकतंत्र के रूप में, हम अपने लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।' उन्होंने त्रिनिदाद की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू के तमिलनाडु से जुड़ी पहचान का जिक्र करते हुए कहा- 'हजारों साल पहले संत तिरुवल्लुवर ने कहा था कि एक मजबूत राष्ट्र में छह गुण होने चाहिए- मजबूत सेना, देशभक्त लोग, जरूरी संसाधन, मजबूत लीडरशिप, मजबूत रक्षा, और हमेशा साथ खड़े मित्र देश। त्रिनिदाद और टोबैगो भारत के लिए ऐसा ही मित्र देश है।



### मोदी ने PM कमला को बिहार की बेटी कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को 'बिहार की बेटी' कहा और उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया।

PM मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। PM ने कहा- वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आए, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाए।

उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रुप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे।

PM मोदी ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (OCI) कार्ड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने एयरपोर्ट पर मोदी की अगवानी की।

# डिप्टी आर्मी चीफ बोले-ऑपरेशन सिंदूर में 3 दुश्मनों से लड़े

## पाकिस्तान को चीन ने हथियार और लाइव डेटा दिया, तुर्किए ने ड्रोन मुहैया कराए

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के वक्त बॉर्डर एक और दुश्मन तीन थे। पाकिस्तान मोर्चे पर था। चीन और तुर्किए हथियार और बाकी दूसरे सपोर्ट मुहैया करा रहे थे।

उन्होंने बताया, चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और हमें हथियारों की टेस्टिंग के



लिए लैब की तरह इस्तेमाल किया। चीन हमारे हर रणनीतिक कदम की लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। तुर्किये ने बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिए। इनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ भी किया गया।'

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने यह बात नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस' इवेंट में बताई। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिए। लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

www.adityabharat.com

हर ख़बर जरूरी है पाठक के लिए...!

दैनिक आदित्य भारत

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!

सदैव सत्य के साथ...

रायपुर,इंदौर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आपके विचार लेख हमारी संपादकीय टीम को उचित लगता है तो जरूर प्रकाशित किया जाएगा...

mail id : editor@adityabharat.com

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं : हाईकोर्ट


## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की, वकील बोले- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**एजेंसी ● प्रयागराज/ मथुरा**

मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

कोर्ट ने कहा कि मूल वाद चल रहा है। हाईकोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ऐसे में एक एप्लिकेशन पर विवादित ढांचा घोषित करने का कोई औचित्य नहीं। फिर जो मूल वाद है, उस पर असर पड़ेगा। मूल वाद ही इससे से जुड़ा है, इसलिए विवादित ढांचा का फैसला नहीं दिया जा सकता। वहीं, हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप ने इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जाने की बात कही है।

**पूरा मामला**: ईदगाह मस्जिद साल 1670 में औरंगजेब ने बनवाई थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बनाया गया है। इसे वहां से हटाने की मांग की है। ईदगाह मस्जिद साल 1670 में औरंगजेब ने बनवाई थी। हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद को



श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बनाया गया है। इसे वहां से हटाने की मांग की है। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट से कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। इस मामले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच में अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है। इस याचिका के अलावा, हिंदू पक्ष की 18 अन्य याचिकाओं पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई अलग से चल रही है।

## सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल गांधी की फोटो




**पटना**। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सेनेटरी पैड बांटने की योजना का ऐलान किया। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बिहार में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। इस सेनेटरी पैड के कवर पर राहुल गांधी का फोटो लगा है। लिखा है, 'माई-बहिन मान योजना, जरूरतमंद महिलाओं को सम्मान राशि- 2500 रुपए महीना।' बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने शुक्रवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'बिहार में महिलाओं के लिए हमने विशेष तैयारी की है। हमारा लक्ष्य 5 लाख महिलाओं को घर-घर जाकर सेनेटरी पैड बांटने का है।' भाजपा ने इसे बिहार की महिलाओं का अपमान बताया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि ये जानबूझकर की गई घिनौनी हरकत है। यह बिहार की महिलाओं का अपमान है।

कोल इंडिया लिमिटेड, हार्टफुलनेस और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने रिक्लेम पहल के माध्यम से

# स्थायी आजीविका की दिशा में एक ऐतिहासिक समझौता

संवाददाता ● हैदराबाद



समारोह

कोल इंडिया लिमिटेड, सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और हार्टफुलनेस ने आज कोयला और खान मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा हार्टफुलनेस के सहयोग से इस सप्ताह घोषित रिक्लेम पहल पर एक समझौता ज्ञापन पर मिलकर हस्ताक्षर किए। भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी किशन रेड्डी ने आज हैदराबाद के बाहरी इलाके में स्थित हार्टफुलनेस के मुख्यालय कान्हा शांति वनम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री के साथ भारत सरकार के माननीय कोयला और खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे और कोल इंडिया लिमिटेड, एससीसीएल के वरिष्ठ प्रबंधन एवं प्रतिनिधि, हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक और श्री राम चंद्र मिशन के अध्यक्ष श्रद्धेय दाजी की उपस्थिति में शामिल हुए। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य रिक्लेम पहल के अनुरूप हार्टफुलनेस संसाधनों द्वारा वनों के माध्यम से खदान बंद होने वाली जगहों पर वनों की बहाली को बढ़ावा देना, हरित आवरण लाना और पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है।

RECLAIM पहल जो 1. पहुँच 2. कल्पना 3. सह-डिजाइन 4. स्थानीयकरण 5. कार्य 6. एकीकृत 7. रखरखाव का संक्षिप्त रूप है, का उद्देश्य बंद खदानों के पुनः उपयोग के लिए सामुदायिक सहभागिता और विकास ढाँचा तैयार करना है। यह ICMM (2022), सतत विकास लक्ष्यों और IFC प्रदर्शन मानकों से मार्गदर्शन सहित क्षेत्र के अनुभव और वैश्विक अच्छे अभ्यासों पर आधारित है।

समझौता ज्ञापन यह सुनिश्चित करेगा कि खनन से प्रभावित क्षेत्र नवीनीकरण, सम्मान और अवसर के लिए स्थान बन जाएँ। चूंकि खदान बंद होने से दोनों परिदृश्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, इसलिए प्राकृतिक प्रणालियों को बहाल करने की आवश्यकता है। स्थानीय संस्थानों को मजबूत करने और स्थायी आजीविका को सक्षम करने की समान आवश्यकता महसूस की जाती है। यह ढाँचा खदान बंद होने और बंद होने के बाद के चरणों में समावेशी सामुदायिक जुड़ाव और विकास के लिए एक संरचित मार्गदर्शिका के रूप में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह संक्रमण प्रक्रिया में सामुदायिक भागीदारी को संस्थागत बनाने के लिए एक व्यावहारिक, चरण-दर-चरण दृष्टिकोण प्रदान करता है।

भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कहा, "हम बंद खदान स्थलों को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि यह हमारे लिए प्रकृति को कुछ वापस देने का समय है। एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में हार्टफुलनेस की सावधानी कान्हा शांति वनम से स्पष्ट है। हम साथ मिलकर आजीविका पैदा करके बहाली, पुनरुद्देश्यीकरण, दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वह सब करेंगे जो हम कर सकते हैं।" "हार्टफुलनेस के लिए बंद खनन स्थलों को जीवन देने का यह एक उपयुक्त क्षण है। चूंकि खनन प्रकृति के उपहारों के स्थल को खत्म कर देता है, इसलिए हमें न केवल एक व्यवहार्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के मामले में बल्कि क्षेत्र में स्थायी आजीविका बनाने में मदद करने के मामले में अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता में वापस देने की जिम्मेदारी महसूस करनी चाहिए," हार्टफुलनेस के मार्गदर्शक और श्री राम चंद्र मिशन के अध्यक्ष श्रद्धेय दाजी ने कहा। इस ढाँचे को भारतीय संदर्भ के अनुरूप क्रियाशील उपकरणों, टेम्पलेट्स और क्षेत्र-परीक्षणित पद्धतियों के एक समूह द्वारा समर्थित किया गया है।

## हार्टफुलनेस के बारे में

हार्टफुलनेस, ध्यान के अभ्यासों और जीवन शैली में बदलाव का एक सरल संग्रह प्रदान करता है। इसकी उत्पत्ति बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में हुई और भारत में 1945 में श्री राम चंद्र मिशन की स्थापना के साथ इसे औपचारिक रुप दिया गया, जिसका उद्देश्य था एक-एक करके हर हृदय में शांति, ख़ुशी और बुद्धिमत्ता लाना। ये अभ्यास योग का एक आधुनिक रुप हैं जिनकी रचना एक उद्देश्यपूर्ण जीवन की दिशा में पहले कदम के रुप में संतोष, आंतरिक शांति और स्थिरता, करुणा, साहस और विचारों में स्पष्टता लाने के लिए की गई है। वे सरल और आसानी से अपनाए जाने योग्य हैं और जीवन के सभी क्षेत्रों, संस्कृतियों, धार्मिक विश्वासों और आर्थिक स्थितियों के लोगों के लिए उपयुक्त हैं, जिनकी उम्र पंद्रह वर्ष से अधिक है। हार्टफुलनेस अभ्यासों में प्रशिक्षण हजारों स्कूलों और कॉलेजों में चल रहा है, और 100,000 से अधिक पेशेवर दुनिया भर में कॉर्पोरेट निगमों, गैर-सरकारी और सरकारी निकायों में ध्यान कर रहे हैं। 160 देशों में 5,000 से अधिक हार्टफुलनेस केंद्रों का हजारों प्रमाणित स्वयंसेवी प्रशिक्षकों और लाखों अभ्यास करने वालों द्वारा संचालन किया जाता है।

## फॉरेस्ट्स बाय हार्टफुलनेस' (FBH) के बारे में

यह कृषि-वानिकी, वानिकी और जलवायु विशेषज्ञों की एक टीम के मार्गदर्शन में 2030 तक पूरे भारत में कम से कम 30 मिलियन देशी और स्थानिक पेड़ लगाने की एक पहल है। फॉरेस्ट्स बाय हार्टफुलनेस ने अपनी खुद की स्वामित्व तकनीक, प्रक्रियाएँ और निगरानी तंत्र भी विकसित किए हैं जो उच्च घनत्व, इष्टतम और टिकाऊ विकास के लिए 'प्रकृति की ओर वापसी' वृक्षारोपण पद्धति को बढ़ावा देते हैं। हर साल, अक्टूबर से मई (जो कि गैर-रोपण का मौसम है) के बीच नर्सरियाँ पौधों की प्रजातियाँ और पेड़ उगाती हैं, जिनमें से पौधों का सावधानीपूर्वक चयन किया जाता है। पौधों का बड़े पैमाने पर रोपण मानसून और सर्दियों के अंत में हार्टफुलनेस स्वयंसेवकों, गैर सरकारी संगठनों, स्कूली बच्चों, किसानों और आम जनता द्वारा किया जाता है। पिछले 5 वर्षों में चल रहे प्रयासों ने कान्हा को एक बंजर परिदृश्य से एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र में बदल दिया है।

## शॉर्ट न्यूज

### गार्ड के साथ मार-पीट कर बंदूक छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** तिलक नगर इलाके में सिक्युरिटी गार्ड से मारपीट कर बंदूक लूटने की वारादात को अंजाम देने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया जिससे उसके पैर में चोट लग गई। इस मामले में आरोपी के चार नाबालिग साथी पूर्व में ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पकड़े गए आरोपी से लूट की घटना मे उपयोग की गई एक्सेस गाड़ी भी पुलिस ने जब्त कर ली हैं। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि गत 30 जून को तिलक नगर इलाके में सिक्युरिटी गार्ड बृजमोहन धाकड़ पिता देवीराम धाकड़ उम्र 67 साल निवासी इदरीश नगर मूसाखेड़ी से मारपीट कर उसकी 12 बोर की बन्दूक लूटने की वारदात हुई थी। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर लूट करने वाले 4 नाबालिग आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था।

### इंदौर के दो न्यायाधीश पहुंचे हाईकोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को नए न्यायाधीश मिले हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 2 जुलाई को हुई बैठक में हाईकोर्ट के लिए छह नामों को मंजूरी दी गई है। पांच न्यायिक अधिकारियों के नाम भी हाई कोर्ट मप्र के लिए अप्रूव हुए हैं। कॉलेजियम द्वारा जिन नामों को स्वीकृति दी गई है, उनमें जस्टिस राजेश कुमार गुप्ता, आनंद सिंह बेहरावत, आलोक अवस्थी, अजय कुमार निरनकरी, जयकुमार पिल्लई और हिमांशु जोशी शामिल हैं। इन सभी को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस सूची में विशेष बात यह है कि जस्टिस आनंद सिंह बेहरावत और हिमांशु जोशी इंदौर से ताल्लुक रखते हैं, जिससे शहर के न्यायिक क्षेत्र में गौरव बढ़ा है।

### इंदौर में पुलिसकर्मी ने खुद को मारी गोली

इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में नाईट ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने आज सुबह खुद को गोलीकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि उसका पत्नी से विवाद चल रहा था उसने पत्नी को कई बार फोन लगाया लेकिन पत्नी ने जब फोन नहीं उठाया तो इसी तनाव में उसने खुद को गोलीमार कर जान दे दी। घटना द्वारकापुरी थाना इलाके की दिग्विजय मल्टी की है, जहां 28 वर्षीय सिपाही अनुराग भाबर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि अनुराग द्वारकापुरी थाने में पदस्थ था। उसकी रात्रि गश्त में ड्यूटी थी। इस दौरान वह अलसुबह दिग्विजय मल्टी स्थित पुलिस चौकी पर आया और वहां पर उसने खुद को गोली मार ली ।अब तक की जांच में पता चला है कि उसकी 1 साल पहले ही शादी हुई थी। करीब एक हफ्ते से उसकी पत्नी से विवाद चल रहा था आज भी उसने कई बार पत्नी को फोन लगाया लेकिन पत्नी ने फोन नहीं उठाया इसी तनाव के चलते पुलिस चौकी पर आया और वहां पर उसने अपने आप को गोली मार ली।

# ऑपरेशन आहट के अंतर्गत बीना स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल का जागरूकता अभियान



संवाददाता ● भोपाल

अभियान

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मानव तस्करी, बाल भिक्षावृत्ति और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीना स्टेशन पर ऑपरेशन आहट के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व रेलवे सुरक्षा बल बीना पोस्ट के उप निरीक्षक श्री धर्मेंद्र एवं सहायक उप निरीक्षक श्री हसन खान ने किया। अभियान में आवाज संस्था की कोऑर्डिनेटर श्रीमती मालती एवं उनके स्टाफ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम द्वारा स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में यात्रियों को बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम, मानव तस्करी के खतरों तथा बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यात्रियों को यह जानकारी दी गई कि यदि स्टेशन या ट्रेन में कोई लावारिस, गुमशुदा या बाल श्रम करता बच्चा दिखे तो तत्काल रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 या चाइल्डलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें।

अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 11407, 18238 तथा 20414 की गहन जांच की गई। जांच में किसी प्रकार का लावारिस, गुमशुदा अथवा बाल श्रम में लिप्त बच्चा नहीं पाया गया। यह अभियान यात्रियों में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने और समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता अभियानों को नियमित रूप से चलाया जाएगा ताकि समाज को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने में रेलवे की भूमिका और अधिक सशक्त हो सके। मंडल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे इस प्रकार की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें और रेलवे के इस नेक कार्य में सहभागी बनें।

## अब पीएनबी वन ऐप के माध्यम से सुकन्या समृद्धि योजना खाते खोलने की आसान डिजिटल सुविधा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पीएनबी वन ऐप के माध्यम से सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) खाता खोलने की ऑनलाइन सुविधा प्रारंभ करने की घोषणा की है। यह पहल बैंक की डिजिटल रूपान्तरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नई सुविधा के अंतर्गत मौजूदा पीएनबी ग्राहक अपनी बच्चियों के लिए कभी भी, कहीं भी, बैंक शाखाओं में जाए बिना एसएसवाई खाते खोलने में सक्षम बनाती है। यह डिजिटल पहल सामाजिक भलाई के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और देश भर के परिवारों के लिए सरकार समर्थित बचत योजनाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में पीएनबी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पीएनबी वन ऐप के माध्यम से एसएसवाई खाता खोलने के चरणः अपने मोबाइल डिवाइस पर पीएनबी वन ऐप खोलें। मुख्य मेनू से 'सेवाएं' विकल्प पर टैप करें। सूची से 'सरकारी पहल' चुनें। 'सुकन्या समृद्धि खाता खोलना' चुनें। खाता खोलने की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए स्क्रीन पर प्रदर्शित निर्देशों का पालन करें। हालांकि खाता खोलना डिजिटलाईज्ड कर दिया गया है, लेकिन आंशिक निकासी, खाता बंद करना और समय से पहले बंद करना सहित अन्य संचालन मुल शाखा स्तर पर ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से खोले गए खातों के लिए वर्तमान प्रक्रिया का पालन करते हुए संचालित किए जाते रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए, ग्राहक अपनी निकटतम पीएनबी शाखा में जा सकते हैं, या बैंक के टोल फ्री नंबर 1800 1800/1800 2021 पर संपर्क कर सकते हैं।



ब्रांण्ड ट्रांसफोर्मेशन स्टैरटेजी के तहत भारत के तीसरे और चौथे नए आर स्टोर का किया लॉन्च

# रेनो इंडिया के नए आर स्टोर ने मध्य प्रदेश में किया प्रवेश, इंदौर और सागर में खोले नए स्टोर

संवाददाता ● सागर

लॉन्च

रेनो. रीथिंक. ब्राण्ड ट्रांसफोर्मेशन स्ट्रैटेजी के तहत अपनी बोल्ड यात्रा को जारी रखते हुए फ्रांस के कारनिर्माता रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी रेनो इंडिया ने इंदौर एवं सागर में दो नए आर स्टोर खोलने की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ ब्राण्ड ने मध्य प्रदेश में अपनी नई रीटेल पहचान की शुरूआत की है। उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए रेनो इंडिया की ब्राण्ड एक्सपीरिएंस एवं ट्रांसफोर्मेशन स्ट्रैटेजी के तहत डिज़ाइन इनोवेशन, डिजिटल इंटीग्रेशन एवं उपभोक्ता-उन्मुख सर्विस के संयोजन के साथ यह रोलआउट किया गया है।

इस अवसर पर श्री फ्रांसिस्को हिडाल्गो, वाईस प्रेज़ीडेन्ट, सेल्स एण्ड मार्केटिंग- रेनो इंडिया प्रा. लिमिटेड ने कहा, ''मध्य प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण मार्केट है, राज्य में हमारे वाहनों को खूब पसंद किया जा रहा है। ऐसे में इंदौर और सागर में नए आर स्टोर्स की ओपनिंग रेनो. रीथिंक. स्ट्रैटेजी के अनुसार हमारे कारोबार के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह स्ट्रैटेजी उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए रेनो ग्लोबल ब्राण्ड के मूल्यों के अनुरूप उन्हें सकारात्मक अनुभव प्रदान करने पर फोकस करती है। मध्य प्रदेश अब हमारे नए आर स्टोर मैप पर आ गया है, ऐसे में हम देश भर में भविष्य के अनुकूल रीटेल सिस्टम बनाने की दिशा में और आगे बढ़ गए हैं। अपने विस्तार को जारी रखते हुए हम उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने तथा ऑटोमोटिव रीटेल में नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। जल्द ही हमने भारत में 2 और नए आर स्टोर खोलने की योजना बनाई है।

इस विस्तार के साथ कंपनी ने आधुनिक स्टोर डिज़ाइन, इनोवेटिव लेआउट के ज़रिए एवं कार खरीदने की यात्रा को डिजिटल बनाकर देश भर के उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बना लिया है। यह लॉन्च रेनो के समग्र विश्वस्तरीय दृष्टिकोण के अनुरूप इसके आर्कीटेक्चर, में आधुनिक डिज़ाइन एवं इनोवेशन को शामिल कर उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने की रेनो की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आउटलेट रेनो की नई विज़ुअल पहचान के साथ डिज़ाइन किया गया है, जिसके स्लीक ब्लैक फ्रंट एवं अपडेटेड लोगो डिज़ाइन और विश्वस्तरीय मानक इस कार डीलरशिप को अधिक आकर्षक एवं फ्यूचर-रैडी बनाते हैं। वाहनों पर केंद्रित नए कार शोरूम की अवधारणा उपभोक्ताओं के अनुभव को पूरी तरह बदल देती है। नए डिज़ाइन के लेआउट में कारों के लिए पर्याप्त स्थान है, ऐसे में आगंतुक आराम से घूमते हुए हर मॉडल को हर एंगल से देख सकते हैं। कुल मिलाकर यह शानदार शोकेस उपभोक्ताओं को आरामदायक माहौल में समग्र अनुभव प्रदान करता है। रेनो के ग्लोबल रीटेल मानकों के अनुरूप यह नया आर स्टोर उपभोक्ताओं के लिए आधुनिक कार की खरीद को सहज बना देगा, जिससे मध्य प्रदेश के उपभोक्ता कार की खरीद का स्टाइलिश और सहज अनुभव पा सकेंगे।

# CSI स्टूडेंट्स के लिए जुलाई मंथ स्टूडेंट्स के रूप में मनाया जा रहा

संवाददाता ● भोपाल



द इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया के भोपाल चैप्टर में स्टूडेंट्स के लिए 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई, 2025 तक स्टूडेंट्स मंथ मनाया जा रहा है भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष सी एस अमन जैन, ने बताया की 01 जुलाई 2025 को वन महोत्सव और रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। वन महोत्सव और रक्त दान शिविर आईसीएसआई स्टूडेंट मंथ के पहले कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। द इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया के भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष महोदय ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़ों का बहुत महत्व है। उन्होंने सभी छात्रों और सदस्यों से अपने कार्यालयों/आस-पास के क्षेत्रों में एक पौधा लगाने और उसका पालन-पोषण करने की अपील की। और रक्त दान शिविर में सीएस अमन जैन जी ने अपने संदेश में कहा रकतदान शिविर का आयोजन करना अपने आप में एक नेक कार्य है। रक्तदान सबसे उत्तम उपहार है जो कोई दूसरे व्यक्ति को दे सकता है। दान की गई रक्त की दो बूंद किसी का जीवन बचा सकती है। सभी को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति कई प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित रहता है। वर्तमान में रक्तदाता ही असली हीरो हैं, जो रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाते हैं। इसमें भोपाल चैप्टर के मेंबर्स और स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही उन्होंने बताया की जुलाई मंथ स्टूडेंट्स मंथ के रूप में मनाया जा रहा है । इस महीने में स्टूडेंट्स के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं जिसमे सेशन ऑन 'बिहेवियरल स्किल', पावर प्वाइंट प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, छात्रों के लिए कम्युनिकेशन/सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट प्रोग्राम, ऑन दी स्पॉट रजिस्ट्रेशन डे, चित्रकला प्रतियोगिता, कैरियर जागरूकता सप्ताह, शून्य शिकायत दिवस, मॉक इंटरव्यू, राष्ट्रीय ध्वज अपनाने का दिन, छात्रों द्वारा लेखों की प्रस्तुति, बुक रिव्यु प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, ऑपरेशन सिन्दूर - निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्वच्छ भारत अभियान, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, इंटर कॉलेज चित्रकला प्रतियोगिता आदि है। सी एस स्टूडेंट्स के लिए रजिस्ट्रेशन ओपन है एवम इसका कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है सभी गतिविधियों में सी एस के किसी भी स्टेज के स्टूडेंट्स भाग ले सकते है ।

कूपर कॉर्पोरेशन और सिम्फोनिया टेक्नोलॉजी (जापान) ने भारत के पहले

# CPCB IV+ सर्टिफाइड 10kVA LPG के जेनसेट लॉन्च के लिए साझेदारी की घोषणा


संवाददाता ● सतारा

घोषणा

भारत में इंजन, जेनसेट और ट्रैक्टर बनाने वाली एक बड़ी कंपनी, कूपर कॉर्पोरेशन ने जापान की सिम्फोनिया टेक्नोलॉजी के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है, जो अपने एडवांस्ड एनर्जी सॉल्यूशंस के लिए पूरी दुनिया में सबसे आगे है। दोनों कंपनियों के बीच की यह साझेदारी काफी मजबूत है, जो इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दशकों के अनुभव, विरासत और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में इनोवेशन को तेजी से आगे बढ़ाने के साझा सपने को साथ जोड़ती है।

आज 'डेमॉन जेनसेट' के लॉन्च के साथ औपचारिक तरीके से इस दूरदर्शी साझेदारी की शुरुआत हुई है, जो भारत का पहला CPCB IV+ सर्टिफाइड 10 kVA LPG जेनसेट है। यह जेनसेट बड़े ही कुशल और सस्टेनेबल तरीके से बिजली उत्पादन में एक नई मिसाल कायम करने वाला है, जिसे खास तौर पर कूपर कॉर्पोरेशन द्वारा बनाया जाएगा। दोनों कंपनियां साथ मिलकर पूरे भारत में इसकी मार्केटिंग करेंगी, साथ ही दुनिया के दूसरे देशों में भी इसका निर्यात किया जाएगा। इससे जाहिर होता है कि, दोनों कंपनियां टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने, ऊर्जा की कम खपत और पर्यावरण की हिफाजत करने के इरादे पर अटल हैं।

कूपर सिम्फोनिया जेनसेट के मॉडल CSG-0010L-IN, को भारत में 'डेमॉन' नाम से बाज़ार में उतारा जाएगा, जो उस शहर का नाम है जहाँ सिम्फोनिया टेक्नोलॉजी का हेडक्वार्टर मौजूद है। दूसरी तरफ, इस प्रोडक्ट को जापान के बाज़ार में 'सतारा' नाम से पेश किया जाएगा, और यह उस ऐतिहासिक शहर के प्रति सम्मान को दर्शाता है जो एक सदी से भी अधिक समय से कूपर कॉर्पोरेशन का घर रहा है। ये खास जेनसेट, अपने परफॉर्मेंस के मामले में बेमिसाल होने के साथ-साथ बेहद किफ़ायती और भरोसेमंद भी है। इसके अलावा, अपने कॉम्पैक्ट फुटप्रिंट, चलाने के बेहद कम खर्च और रखरखाव भी आसानी जैसी खूबियों की वजह से यह पारंपरिक डीज़ल जेनसेट और ग्रिड पावर की तुलना में काफी बेहतर और किफ़ायती विकल्प बनकर सामने आता है। LPG एक स्वच्छ और सस्टेनेबल ईंधन है, जिससे चलने वाला डेमॉन जेनसेट पर्यावरण पर कम-से-कम असर डालता है और अपनी पूरी क्षमता से काम करता है। कूपर कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री फ़रोख एन. कूपर ने इस स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के बारे में अपना विज़न बताते हुए कहा, 'सिम्फोनिया टेक्नोलॉजी के साथ हमारी यह साझेदारी, ऊर्जा के क्षेत्र में स्वच्छ और स्मार्ट सॉल्यूशंस को नया रूप देने के इरादे से उठाया गया कदम है। डेमॉन जेनसेट इस बात पर हमारे यकीन को दर्शाता है कि, सही मायने में प्रगति साथ मिलकर ही संभव है, जिसमें जापान की सटीकता और भारत की इंजीनियरिंग एक मक़सद के साथ जुड़ती है। CPCB IV+ के नियमों के अनुरूप तैयार किए गए, और ज़्यादा कुशल LPG जेनसेट के ज़रिये हम लोगों को बिजली के किफ़ायती और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस को अपनाने में मदद करना चाहते हैं, जिस पर उन्हें पूरा भरोसा हो और परफॉर्मेंस में कोई समझौता नहीं करना पड़े।"



## स्वच्छ ऊर्जा को हरा-भरा बनाए रखने के लिए कदम उठाया

सिम्फोनिया टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड के सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम सेल्स डिपार्टमेंट के जनरल मैनेजर और कंपनी के प्रवक्ता, माकोतो साइतो ने कहा, "कूपर कॉर्पोरेशन के साथ हमारी इस साझेदारी से जाहिर है कि, दुनिया भर में बिजली के बहुत अधिक कुशल और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराना ही दोनों कंपनियों का विज़न है। डेमॉन जेनसेट जापान की सटीक इंजीनियरिंग को मैन्युफैक्चरिंग में भारत की काबिलियत के साथ जोड़ता है, जिससे तैयार होने वाला प्रोडक्ट पूरी दुनिया की हर कसौटी पर खरा उतरता है। इस साझेदारी के ज़रिये हमने स्वच्छ ऊर्जा को और अधिक सुलभ बनाने के साथ-साथ आने वाले कल को हरा-भरा बनाए रखने के लिए कदम उठाया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। डैमोन जेनसेट बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाला बिल्कुल नया 10 kVA LPG जेनसेट है, जो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड IV+ (CPCB IV+) के नियमों का पूरी तरह से पालन करता है। CPCB IV+ को भारत में एमिशन स्टैंडर्ड्स के लिहाज से सबसे सख्त नियम माना जाता है, जिनका मक़सद वायु प्रदूषण को कम करना और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस को बढ़ावा देना है। पर्यावरण की हिफाजत, ईंधन के कुशल उपयोग और आधुनिक इंजीनियरिंग में एक नई मिसाल कायम करने वाले इस जेनसेट में कूपर के स्वदेशी रुप से विकसित लीन-बर्न गैस इंजन लगाया गया है, जिसे यूके के रिकार्डो के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया है।

पातालपानी-कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन महू के पातालपानी से कालाकुंड तक का रेल सफर शुरू

# 10 जुलाई से घाटियों, झरनों और सुरंगों से भरा सफर फिर होगा शुरू

**संवाददाता ● इंदौर**

मानसून की शुरुआत के साथ एक बार फिर महू के पातालपानी से कालाकुंड तक का रेल सफर शुरू होने जा रहा है। इस सुंदर घाट सेक्शन पर चलने वाली हेरिटेज ट्रेन का संचालन 10 जुलाई से दोबारा शुरू किया जाएगा। रेलवे मुख्यालय ने इसके लिए आंतरिक निर्देश जारी कर संबंधित विभागों को सभी जरूरी तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा है, ताकि तय तिथि से संचालन बिना किसी बाधा के शुरू हो सके। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, हर साल मानसून के दौरान पातालपानी-कालाकुंड सेक्शन पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। हरियाली, झरने और घाटी का दृश्य देखने के लिए इस दौरान ट्रेन यात्रा खासा लोकप्रिय रहती है।

निर्देश

मानसून सीजन में रेलवे आमतौर पर इस ट्रेन को रोजाना और फिर शनिवार-रविवार को चलाता है। पिछले साल यह ट्रेन 20 जुलाई से चलाई गई थी। रेलवे इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर से महू और पातालपानी तक डेमू ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। हालांकि शुरुआत में कुछ दिन यात्रियों को पातालपानी तक सड़क मार्ग से ही जाना पड़ सकता है।

### पिछले साल चलाई गई थी सिटी बस

2023 में रेलवे ने यात्रियों के लिए इंदौर से पातालपानी तक सिटी बस की सुविधा दी थी, जिससे 32 किलोमीटर का सफर तय कर यात्री हेरिटेज ट्रेन तक पहुंचते थे। इस बार रेलवे डेमू ट्रेन चलाने की तैयारी में है, इसलिए संभावना है कि इस बार सिटी बस सेवा नहीं चलाई जाएगी। गर्मियों के मौसम में हर साल मार्च से यह ट्रेन बंद कर दी जाती है।



### सुरंगों और घाटियों के बीच रोमांच

यह हेरिटेज ट्रेन मीटर गेज ट्रैक पर चलती है और पातालपानी से कालाकुंड के बीच 9 किलोमीटर का सफर तय करती है। इस मार्ग में कई सुंदर पुल, सुरंगें और गहरी घाटियाँ हैं, जो सफर को बेहद रोमांचक बना देती हैं। इस ट्रेन में सामान्य कोच के साथ अत्याधुनिक विस्टाडोम कोच भी होते हैं, जो यात्रियों को बेहतर दृश्य अनुभव प्रदान करते हैं। विशेषकर वीकेंड और छुट्टियों के दौरान यह ट्रेन बड़ी संख्या में सैलानियों को आकर्षित करती है। **1877 में बिछाई गई थी लाइन** - यह रेलवे ट्रैक वर्ष 1877 में बिछाया गया था। कुछ साल पहले इसे बंद करने की योजना बनी थी, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से इसे संरक्षित रखते हुए 2018 में इस ट्रैक को 'हेरिटेज' घोषित किया गया। इसके साथ ही प्रदेश की एकमात्र हेरिटेज ट्रेन का संचालन शुरु हुआ, जो लगातार मानसून सीजन में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## शॉट न्यूज

### चोर ने किया युवक पर हमला

**इंदौर।** कोतवाली इलाके के महारानी रोड पर एक काम्प्लेक्स में चोर ने युवक पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी गाड़ी से सामान चोरी का प्रयास कर रहा था। युवक के आने पर आरोपी ने भागने की कोशिश की । इस पर आरोपी ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। सुनील पंजाबी पिता अशोक पंजाबी (48) निवासी ऊषा नगर की शिकायत पर आवेश के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुनिल ने पुलिस को बताया कि गोयल काम्पलेक्स की पार्किंग में पहुंचा। वहां पर आरोपी मेरी गाडी की डिक्की खोलकर खडा था। उससे पूछा कि मेरी गाडी की डिक्की क्यों खोली हैं। इतना कहते ही आरोपी वहां भागने की कोशिश करने लगा। उन्होंने उसे रोका तोआरोपी ने विवाद करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर धमकाया और किसी नुकीले हथियार कमर के पास में मारा। जिससे खून निकलने लगा। इतना ही नहीं जाते हुए आरोपी धमकी भी दे गया कि मेरा नाम आवेश हैं। तू मुझे नहीं जानता, आज तो तू बच गया हैं। आगे से उसके साथ उलझेगा तो तूझे जान से खत्म कर दूँगा।

### शाम 5 से रात 9 बजे तक ट्रकों की नो एंट्री

**इंदौर।** पालदा तीन इमली, नेमावर रोड से अग्रसेन चौराहे की तरफ से इंदौर शहर में प्रवेश करने वाले ट्रक और भारी वाहनों के प्रवेश को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। पूर्व में शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों का प्रतिबंधित समय शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक था। बारिश का मौसम होने के कारण शहर में यातायात का दबाव रात्रि 9 बजे तक रहता है। प्रतिबंधित समय समाप्त होने के बाद भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के दौरान पिक अवर में चौराहे पर यातायात अवरूद्ध होकर जाम जैसी स्थिति निर्मित होती है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-115 के तहत आवागमन को सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से ट्रक-भारी वाहनों के शहर में प्रवेश को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध केवल ट्रक-भार वाहनों के लिए लागू रहेगा।

### शादी का झांसा देकर होटल के कमरे में ले जाकर किया दुष्कर्म

इंदौर। हीरा नगर इलाके में एक युवती को शादी का झांसा देकर आरोपी ने होटल के कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। बाद में जब युवती को आरोपी के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी लगी तो उसने उससे दूरी बना ली। इस पर आरोपी युवती को बदनाम करने और कहीं और शादी न होने की धमकी देने लगा। हीरानगर पुलिस ने बताया कि 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दीपक पिता रतन मरमट के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी गत वर्ष दिसम्बर माह में पीड़िता से दोस्ती कर उसे एक होटल में मिलने के लिए बुलाया था। जहां आरोपी पीड़िता से बोला कि मैं तुमको पसंद करता हूं और पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया, उसके बाद पीड़िता के घर वालों को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने बदनाम करने और कही और शादी नहीं होने देने की धमकी देने लगा।

एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट के संभावित स्तरों की होगी जांच, 8 स्टेशन प्रस्तावित

# इंदौर-उज्जैन मेट्रो का सर्वे जयपुर की कंपनी करेगी

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर-उज्जैन मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए भू-तकनीकी सर्वे का ठेका जयपुर की कंपनी सीईजी टेस्ट हाउस एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। यह कंपनी पहले मुंबई मेट्रो, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और तुगलाबाद जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर चुकी है। यह सर्वे मेट्रो की पटरियों और पिलरों के लिए जरूरी मिट्टी परीक्षण और जमीन की मजबूती की जांच के लिए किया जा रहा है। सर्वे के दौरान कंपनी अलग-अलग स्थानों पर खुदाई कर मिट्टी की गुणवत्ता और अन्य तकनीकी पहलुओं की रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसे बाद में मेट्रो कॉर्पोरेशन को सौंपा जाएगा।

जांच



### एलिवेटेड-अंडरग्राउंड दोनों तरह का रूट रहेगा

कॉरपोरेशन के अनुसार, इंदौर-उज्जैन मेट्रो का अधिकांश हिस्सा एलिवेटेड (ऊपर से गुजरने वाला) होगा, और इसके लिए सड़क के बीच बने डिवाइडर पर पिलर खड़े किए जाएंगे। उज्जैन के नानाखेड़ा से रेलवे स्टेशन तक का हिस्सा अंडरग्राउंड रहेगा। डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनने के बाद यह साफ होगा कि कुल रूट में कितना हिस्सा ऊपर से और कितना जमीन के नीचे बनेगा। इंदौर-उज्जैन मेट्रो की डीपीआर तैयार करने का जिम्मा दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दिया गया है। रिपोर्ट जुलाई-अगस्त तक तैयार हो जाएगी। इसमें मेट्रो रुट का नक्शा, फंडिंग की व्यवस्था, स्टेशन, डिपो, अंडरग्राउंड रुट, पार्किंग की सुविधा और कुल लागत जैसे सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा। फिलहाल अनुमान है कि इस प्रोजेक्ट पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं, इंदौर शहर में चल रही मेट्रो परियोजना की अंडरग्राउंड लाइन का काम धीमा चल रहा है। कई जगह भूमि अधिग्रहण में अड़चनें आ रही हैं और हाई कोर्ट ने सरकार से इस पर जवाब भी मांगा है।इसके अलावा मेट्रो स्टेशनों के पास पार्किंग विकसित करने के लिए प्रशासन से जमीन की मांग की जा रही है ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके।

### 8 स्टेशन बनेंगे, पहला इंदौर में और अंतिम महाकाल के पास

- प्रस्तावित रुट करीब 47 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें 8 स्टेशन बनाए जाएंगे।
- पहला स्टेशन इंदौर के लवकुश चौराहा क्षेत्र में प्रस्तावित है।
- अंतिम स्टेशन उज्जैन के महाकाल लोक क्षेत्र में होगा।इस रुट का करीब 70% हिस्सा सड़क के बीच वाली सेंट्रल लाइन के साथ तैयार किया जाएगा ताकि यातायात पर असर न पड़े।

### मेट्रो का एक महीना : टाइम बदला, किराया बढ़ा, यात्रियों की संख्या भी कम

इंदौर। घटते यात्रियों के चलते मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इंदौर मेट्रो की संचालन व्यवस्था में भी बदलाव किया है। यात्रियों की संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों मेट्रो की नई समय-सारणी और किराए की नई दरें घोषित की गई थीं। यह बदलाव 23 जून 2025 से प्रभाव में आ गया था। अब इंदौर मेट्रो का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। वहीं, हर 1 घंटे में मेट्रो चलाई जाती है। पहले सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक मेट्रो संचालन किया जा रहा था, जबकि हर 15 मिनट में मेट्रो ट्रेन संचालित हो रही थी। इंदौर मेट्रो का औपचारिक शुभारंभ 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली रुप से किया था। 31 मई के बाद से 21 जून तक इंदौर मेट्रो में कुल 1 लाख 95 हजार 303 यात्रियों ने इसमें सफर किया। यात्रियों को जहां पहला सप्ताह फ्री राइड मिली थी तो उसके बाद किराए में रियायत मिलती रही। अभी तक यात्रियों को किराए में 75 और 50 प्रतिशत रियायत मिल चुकी है। उसके बाद अब मेट्रो में यात्री टिकट राशि पर 25 प्रतिशत रियायत के साथ सफर कर रहे हैं। पिछले सप्ताह की बात करें तो इंदौर मेट्रो में 11 हजार 579 यात्रियों ने सफर किया। 22 जून को 5 हजार 273, 23 जून को 690, 24 जून को 501, 25 जून को 717, 26 जून को 488, 27 जून को 503, 28 जून को 1 हजार 289 और 29 जून को 4 हजार 118 यात्रियों ने सफर किया। बता दें कि 28 जून को शनिवार और 29 जून को रविवार था।

### कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ ने की वाहनों पर की कार्रवाई

**इंदौर।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज के वाहनों की सघन जाँच की जा रही है। इंदौर-नेमावर, इंदौर-खण्डवा, बुरहानपुर रूट की बसों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 21 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान 03 स्कूली वाहन बिना दस्तावेज के संचालित होते पाए गए। बच्चों को सुरक्षित छोड़ने के बाद इन्हें जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों से 48 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

### दुकान चलाने के लिए इच्छुक संस्थाओं से मंगवाए आवेदन पत्र

**इंदौर।** मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के प्रावधानों के तहत दुकानविहीन इंदौर जनपद के ग्राम पंचायत बुरानाखेड़ी में शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए दुकान चलाने के लिए इच्छुक संस्थाओं से आवेदन ऑनलाईन 04 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किये गये हैं। इस के लिए उपभोक्ता सोसायटी, विपणन सोसायटी, उत्पादक सोसायटी, संसाधन सोसायटी, बहुप्रयोजन सोसायटी, महिला स्वसहायता समूह, संयुक्त वन प्रबंधन समिति पात्र होगी। दुकान आवंटन की कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कनाड़िया द्वारा की जाएगी। शासकीय उचित मूल्य दुकान आवेदन के संबंध में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी महादेव मुवेल, 99777433445 को नियुक्त किया गया है। गलत जानकारी देने पर या अपूर्ण आवेदनों को निरस्त किया जाएगा।

यातायात प्रबंधन का व्यावहारिक अभ्यास: डीसीपी, यातायात प्रबंधन ने की हौसला

# 205 नवआरक्षकों ने संभाला 23 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संचालन



**संवाददाता ● इंदौर**

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) मूसाखेड़ी, इंदौर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 205 महिला एवं पुरुष नव आरक्षकों ने इंदौर शहर के 23 प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक संचालन कर यातायात प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस पहल का उद्देश्य नव आरक्षकों को यातायात नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, नियम पालन, तथा अनुशासन का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज (पीटीसी) की पहल पर यातायात पुलिस इंदौर के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व में नव आरक्षकों को यातायात से जुड़े सिद्धांतों एवं नियमों की कक्षा में जानकारी दी गई थी। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज उन्हें मैदान पर उतरकर ट्रैफिक संचालन की वास्तविक परिस्थितियों में अभ्यास करने का अवसर प्रदान किया गया।

पहल

**शहर के इन 23 चौराहों पर दी गई ड्यूटी** : पिपलियाहाना, रोबोट, रेडिसन, देवास नाका, सत्य साईं, विजयनगर, रसोमा, एमआर 9, एलआईजी, बापट, चंद्रगुप्त मौर्य, नौलखा, व्हाइट चर्च, गीता भवन, होमगार्ड, पलासिया, गिटार तिराहा, इंडस्ट्री हाउस, घंटाघर, हाईकोर्ट, लैंटर्न, रीगल सर्किल व मधु मिलन।

### इस प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु

स्टॉप लाइन का पालन करवाना, लेफ्ट टर्न को सुगम बनाना, ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना, ट्रैफिक लाइट नियमों का पालन सुनिश्चित करना, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग हेतु वाहन चालकों को समझाइश, इमरजेंसी वाहनों को सुगमता से रास्ता देना, हाथों से ट्रैफिक संचालन की व्यावहारिक ट्रेनिंग, चालानी कार्यवाही प्रक्रिया, कानून व्यवस्था के दौरान यातायात प्रबंधन इस दौरान डीसीपी यातायात प्रबंधन अरविंद तिवारी ने पिपलियाहाना चौराहे पर ड्यूटी कर रही महिला नव आरक्षकों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। एसीपी हिन्दू सिंह मुवेल (यातायात जोन 3) और एसीपी मनोज कुमार खत्री (यातायात जोन 2) ने संबंधित क्षेत्रों के चौराहों पर पहुंचकर नव आरक्षकों को दिशा-निर्देश दिए। डीएसपी, पीटीसी अनिल वर्मा एवं उनकी टीम ने भी अलग-अलग चौराहों पर जाकर निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित की। इस अभ्यास का प्रमुख उद्देश्य नव आरक्षकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना, उनमें व्यवहारिक समझ विकसित करना तथा यातायात व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। यातायात पुलिस और पीटीसी का यह संयुक्त प्रयास आने वाले समय में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक संचालन की को और बेहतर बनाने की दिशा में अहम कदम है।

## पत्नी से मारपीट, बीचबचाव करने आए किराएदार को भी पीटा, बाइक फोड़ी

**संवाददाता ● इंदौर**

एरोड्रम इलाके में एक महिला की उसके पति ने पिटाई कर डाली। जब किराएदार बीचबचाव करने आए तो उनसे भी विवाद कर बाइक में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने विनिता तंवर (26) निवासी व्यंकटेश विहार कालोनी की शिकायत पर उसके पति रोहित तंवर निवासी के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पति बिना कारण के उसके साथ में गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। उसने बचने के लिए शोर मचाया तो मकान की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले किरायेदार शुभम जैन व अमन जैन बीच बचाव करने आ गए। उन्होंने जब पति को समझाने की कोशिश की तो आरोपी ने उनके साथ में भी विवाद करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उनके साथ झूमा झटकी करने लगा। इतना ही नहीं घर के बाहर रखी अमन की मोटरसाईकिल में पत्थर मारकर नुकसान कर दिया। आसपास के लोग वहां पर आ गए तो आरोपी घर से जाने लगा। जाते जाते बोले कि धमकाया कि तू मुझसे कुछ बोली तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

**देवरानी से जेठानी को पीटा** - सेठी नगर में एक महिला को उसकी देवरानी ने पीट दिया। नम्रता पति दीपक कनसिया (26) निवासी सेठी नगर की शिकायत पर रेखा पति बबलू कनसिया के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका देवरानी रेखा से विवाद हो गया था मामूली कहासुनी के बाद में आरोपी ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

नगर निगम कमिश्नर ने जारी किए आदेश कुछ के पास कई जिम्मेदारियां

# झेडओ के बाद झोनों पर नए बीओ-बीआई की भी नियुक्ति

**संवाददाता ● इंदौर**

नगर निगम इंदौर में सभी झोनल कार्यालयों पर हाल ही में नए झेडओ की नियुक्ति के बाद अब नए बीओ-बीआई पदस्थ किए गए हैं। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने इसके लिए आदेश जारी किए हैं। जिन अधिकारियों को बीओ-बीआई का कार्य सौंपा है, उनमें कुछ के पास कई शाखाओं का काम है। नए झोनल अधिकारियों की नियुक्ति के बाद से ही बीओ-बीआई की लिस्ट का भी इंतजार किया जा रहा था।

आदेश

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर अश्विन जनवदे को झोन 1, 2, 3 और 4 का भवन अधिकारी (बीओ) बनाया गया है। सहायक यंत्री टीना सिसोदिया को झोन 6, 7, 8 और 10 का भवन अधिकारी बनाया है। सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर वैभव देवलासे को झोन 12, 14, 15 और 20 का बीओ बनाया है। उपयंत्री आनंद रैदास को झोन 13 का बीओ बनाया है। उपयंत्री तन्मय सिंह चौहान को झोन 18 और 21 के बीओ की जिम्मेदारी दी है। सहायक वंत्री विशाल राठौर को 19 और 22 के बीओ का काम सौंपा है। उपयंत्री सुनील सिंह जादौन को झोन 16 और 17 बीओ की जिम्मेदारी दी है।



### भवन निरीक्षकों की भी की गई नियुक्तियों

आदेश अनुसार उपयंत्री जोशना उबनारे को झोन 1 और 20, उपयंत्री विशाल सिंह को 2, 3 और 9 उपयंत्री पीयूष मावी को झोन 4, 5, 6 और 7 उपयंत्री पीयूष गुप्ता को झोन 13 और 21 उपयंत्री अनुभूति मांडवी को झोन 12, 14 और 15 उपयंत्री जिशान चिश्ती को 10, 11 और 18 उपयंत्री सचिन गहलोत को झोन 8 और 22 उपयंत्री उद्देश्य तिवारी को झोन 16 और 17 का बीआई (भवन निरीक्षक) बनाया गया है। नियुक्त किए गए सभी बीओ-बीआई को अपने वर्तमान कार्यों के साथ ही नए प्रभार भी सौंप गए हैं।

संपादकीय

## लड़ाई पर मिला साथ



पहलगाम आतंकी हमले पर Quad के सदस्य देशों का संयुक्त बयान भारत की आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की कोशिशों को मजबूती देता है। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (SCO) के सम्मेलन में जो हुआ था, उसे देखते हुए यह बयान भारत के लिए कूटनीतिक जीत है और पाकिस्तान के लिए झटका। ऑपरेशन सिंदूर के बाद Quad - भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों की यह पहली बैठक थी। मीटिंग के पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उम्मीद जताई थी कि आतंकवाद को लेकर भारत के रुख को Quad के सदस्य देश समझेंगे। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की अपील की थी। संयुक्त बयान इसी भावना को दर्शाता है। Quad के साझा बयान में भले ही पाकिस्तान का नाम न हो, लेकिन सीधा संदेश उसी के लिए है। भारत पहले ही सारे सबूत सामने रख चुका है, जो बताते हैं कि पहलगाम के पीछे पाकिस्तान का हाथ था - वहीं साजिश रची गई और वहीं से आतंकी आए। अब बयान में साजिशकर्ताओं, हमलावरों और फंडिंग करने वालों को सजा दिलाने की मांग की गई है - साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आह्वान किया गया है कि वे जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मिलकर काम करें। यानी, Quad भी मान रहा है कि पहलगाम की साजिश विदेशी जमीन पर रची गई और इससे भारत का पक्ष मजबूत होता है। यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि इस मंच का एक सदस्य देश अमेरिका है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और बाद में भी वॉशिंगटन ने मामले को जिस तरह लिया था, उससे भारत में सही संदेश नहीं गया। ट्रंप प्रशासन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद को एक तराजू में रखकर बात की थी, जबकि भारत का साफ कहना है कि आतंकवाद के प्रायोजक और पीड़ित को एक नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। चूंकि Quad के बयान में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भी सहमति है, तो माना जा सकता है कि शायद अमेरिका का रुख अब बदला हो। कुछ दिनों पहले हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की मीटिंग में संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका था। भारत का प्रस्ताव था कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को संयुक्त बयान में शामिल किया जाए, तब चीन और पाकिस्तान ने मिलकर इसका विरोध किया। लेकिन, चीन हर जगह पाकिस्तान को नहीं बचा सकता। Quad की वजह से उस पर पहले ही दबाव है, जो अब और बढ़ेगा।


# हेमंत खंडेलवाल की मप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी के मायने

**पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी बल्कि यह संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों को भी बेहतर तरीके से साधेगी।**



*– हर्षवर्धन पान्डे*

लेखक राजनीतिक विषयों पर लिखते हैं।




मध्यप्रदेश की राजनीति में हाल के वर्षों में नए नेतृत्व के रुप में डॉ. मोहन यादव का उभार को एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा गया है। बेहद कम समय में अपनी लगन, मेहनत, समाजसेवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नजदीकी के दम पर देश की राजनीति में खुद को एक मंझे हुए खिलाडी के तौर पर स्थापित कर लिया है। डॉ. मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनना भाजपा की एक रणनीति का हिस्सा था जिसके तहत पार्टी ने एक ओबीसी चेहरे को आगे बढ़ाकर प्रदेश से बाहर भी तमाम सामाजिक समीकरणों को साधने की बेहतर कोशिश की। उनकी मध्यप्रदेश के सीएम के रूप में ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश में, बल्कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश,बिहार में भी भाजपा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। अब मध्यप्रदेश भाजपा में लंबे समय से चल रही अटकलों का आज अंत हो गया जब बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन लिया गया है। उनकी ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी बल्कि यह संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों को भी बेहतर तरीके से साधेगी। हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश के बैतूल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में संगठन शिल्पी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी साफ-सुथरी छवि और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल और आरएसएस से बेहतरीन तालमेल ने ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। खंडेलवाल की ताजपोशी मालवा-निमाड़ से लेकर महाकौशल सरीखे क्षेत्रों में आने वाले दिनों में भी बड़ा प्रभाव छोड़ेगी जो प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के एक महत्वपूर्ण संगठनकर्ता और रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनकी संवाद कला और कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ ने उनके चयन में बड़ी भूमिका निभाई है। हेमंत खंडेलवाल ने उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की जीत में उनकी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई है। खंडेलवाल की कार्यशैली में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की असाधारण क्षमता है। पार्टी के सीनियर और जूनियर नेताओं के साथ भी उनके सम्बन्ध बेहतरीन रहे हैं। वे उन नेताओं में से हैं जो पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करते रहे और सबके चहेते बने रहे। हेमंत खंडेलवाल का निर्वाचन निर्विरोध होने के पीछे सामाजिक और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी वर्ग से और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। ऐसे में सामान्य वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से अध्यक्ष चुनने की रणनीति के तहत खंडेलवाल का नाम आगे आया। यह कदम भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को दर्शाता है। हेमंत खंडेलवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी मजबूत रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं जिससे संगठन की उन्हें अच्छी समझ रही है। खंडेलवाल की बेदाग़ ईमानदार छवि और साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें अन्य दावेदारों से कहीं आगे करने का काम किया है। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की। 2018 में वह चुनाव हार गए। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए। वर्तमान में हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। हेमंत खंडेलवाल एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ चुनाव रणनीति में बेहतरीन रणनीति के साथ कार्य करने के लिए जाने जाते हैं । मध्यप्रदेश भाजपा के कुशल चुनावी संचालकों में से एक हेमंत खंडेलवाल रहे हैं। किसी राजनेता की छवि को जनता के बीच स्थापित करते हुए किस तरीके से अनूकूल परिणाम लाए जा सकते हैं यह हेमंत खंडेलवाल से बेहतर शायद ही कोई नेता महसूस कर सकता है। हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के संगठन को अपने व्यवहारिक और सांगठनिक कार्यों के जरिए सहेजा है। उन्होंने खुद को गुटबाजी से ऊपर रखते हुए पार्टी को एकजुट करने की नीतिगत कोशिशें की हैं। इसी परिपक्वता ने उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आज अन्य नेताओं से कहीं आगे बेहद मजबूत किया है। अब जबकि मध्यप्रदेश कांग्रेस का युवा वर्ग गुटबाजी और भारी आंतरिक कलह से जूझ रहा है, हेमंत खंडेलवाल जैसे नेता भाजपा के लिए नई ऊर्जा और उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी हित को सदैव सर्वोपरि रखा है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने अब तक के राजनीतिक सफर में कुशल संगठन शिल्पी, कार्यकर्ताओं के साथ शालीनता, संवाद और एक ईमानदार जनप्रतिनिधि होने की गम्भीरता दिखाई है यही उनकी सबसे बड़ी यूएसपी रही है जिसका लाभ उन्हें आज मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मिला है। डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की बेहतरीन ट्यूनिंग रही है। दोनों ही नेता मध्यप्रदेश के उस क्षेत्र से आते हैं जो भाजपा का एक बड़ा मजबूत गढ़ रहा है। इस क्षेत्र में दोनों की गहरी पैठ और आपसी समन्वय ने भाजपा को न केवल विधानसभा चुनावों में बल्कि स्थानीय चुनावों में भी मजबूती प्रदान की है। मौजूदा दौर में प्रदेश की सियासत में यह जोड़ी न केवल भारतीय जनता पार्टी के भीतर अपनी मजबूत स्थिति के लिए जानी जा रही है, बल्कि उनकी आपसी समझ और रणनीतिक समन्वय ने मध्य प्रदेश भाजपा की राजनीति में एक नया आयाम जोड़ा है। पिछले कुछ समय से भाजपा में जिस तरीके से विधायक संगठन को लगातार ताक पर रखते हुए सरकार को आईना दिखाने से पीछे नहीं हैं उसके मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की नई जोड़ी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए संजीवनी के समान कारगर साबित हो सकती है। हेमंत खंडेलवाल की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर ताजपोशी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक बड़ा मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकती है। हेमंत खंडेलवाल ने सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन शिल्पी के तौर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का काम किया है।

### विचार

एक नकारात्मक दिमाग आपको कभी भी सकारात्मक जीवन नहीं दे सकता।

● ओशो


### चाणक्य



विदुर नीति के अनुसार जिस तरह दूध में नींबू पड़ते ही वह फट जाता है वैसे ही गलत संगत अच्छे इंसान को बिगाड़ सकती है। सफल होना है तो हमेशा अच्छे लोगों की संगती में रहे। इसी तरह लोभ और क्रोध पर काबू नहीं रखने वाले जीवन में बार-बार धोखा खाते हैं। क्रोध सबसे बड़ा दुश्मन है और लालच इंसान को अंधा बना देता है।

● आचार्य चाणक्य

### सुकरात



"एक अन्वेषक बनो, क्योंकि सबसे अच्छी खोजें वही हैं जो हम अपने भीतर करते हैं"

अर्थः अपने भीतर झांकना और अपने विचारों का विश्लेषण करना आवश्यक है.

● सुकरात के अनुसार

# Business News

### बुलियन मार्केट

## सोने में 200 रुपए घटे, चांदी स्थिर

**इंदौर।** स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोना की कीमतों में 200 रुपए प्रति 10 ग्राम की नरमी देखी गई वहीं चांदी की कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। सोने का 97500 रुपए का भाव रहा वही चांदी 106500 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3336 ऊपर में 3346 नीचे में 3323 चांदी 3689 सेण्ट ऊपर में 3693 नीचे में 3662 नकद में केडबरी 97500 एक दिन पूर्व 97700 आरटीजीएस 99400 सोना 22 कैरेट 91000 जीएसटी सहित चांदी नगद 106500 एकदिन पूर्व 106500 आरटीजीएस में 108000 चांदी टंच 106700 रुपए सिक्का 1170 भारतीय रुपया 85.26 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97500, आरटीजीएस 99400 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91000 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 106500, आरटीजीएस 108000 और टंच 106700 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1170 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 97600 और रवा 97500 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 106700,टंच 106600 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

## उड़द के भाव 100 रुपए टूटे, देसी चना सामान्य

**इंदौर।** दाल-दलहनों में कामकाज सामान्य बना हुआ है। उड़द में लोकल एवं चालानी मांग पूरी तरह ठंडी पड़ जाने के बावजूद भी दाल की बिक्री सुधर जाने से उड़द के भाव 100 रुपए टूटे है। देसी चना ज्यादा घटने के आसार नहीं है।

**दालें-** चना दाल 7300-7500 मीडियम 7700-7900 बेस्ट 8000-8100 मसूर दाल 7750-7850 बेस्ट 7950-8050 मूंग दाल 8400-8600 बेस्ट 8800-9000 मूंग मोगर 9400-9500 बेस्ट 9800-9900 तुवर दाल 7100-7300 मीडियम 8300-8500 बेस्ट 8800-8900 ए. बेस्ट 9900-10100, ब्रांडेड तुवर दाल नई 10600 उड़द दाल 8650-8750 बेस्ट 8850-9050 उड़द मोगर 9700-9900 बेस्ट 1रुपए प्रति क्विंटल।

**चावल-** बासमती (921) 11000-12000, तिबार 9500-10500, बासमती दुबार पोनिया 8500-90500, मिनी दुबार 7500-8000, मोगरा 5000-7000 रुपए।

# दिसंबर तक 55-60 डॉलर पर आ सकता है कच्चा तेल

**नई दिल्ली।** भूराजनीतिक घटनाक्रम और अमेरिकी टैरिफ से जुड़े खतरों की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में पहली छमाही में उतार-चढ़ाव रहा। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स में तेल बाजार रिसर्च और विश्लेषण के कार्यकारी निदेशक प्रेमाशिष दास ने नई दिल्ली में कमोडिटी मार्केट इनसाइट्स फोरम के अवसर पर बताया कि तेल बाजारों को 2025 की दूसरी छमाही में ज्यादा आपूर्ति और कमजोर मांग की उम्मीद है। बहुत अनिश्चितता बनी हुई है। शुरू में आम धारणा यह थी कि 90 दिनों के विराम के दौरान चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। लेकिन हमें बहुत आशा नहीं थी। इतने कम समय में कई देशों को समझौते के लिए तैयार करना हमेशा ही मुश्किल भरा काम है और ठीक यही हो भी रहा है। मुझे चिंता यह है कि अगर ट्रंप इस प्रगति से नाखुश हुए तो क्या होगा। वे तल्ख प्रतिक्रिया दे सकते हैं। यूरोपीय संघ और कनाडा जैसे देशों ने यह साफ कर दिया है कि वे जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। इसलिए, कुल मिलाकर नतीजे कुछ भी हो सकते हैं। इसका असर वर्ष की दूसरी छमाही पर भी पड़ेगा, जिसके बारे में हम पहले से ही मानते हैं कि यह चुनौतीपूर्ण होगी। हम 2025 की दूसरी छमाही में गतिविधियों और तेल की मांग में बड़ी सुस्ती की उम्मीद कर रहे हैं। विराम के बाद पहली छमाही के दौरान कुछ अनिश्चितता थी। लेकिन दूसरी छमाही और भी खराब दिख रही है। ट्रंप जो उम्मीद कर रहे हैं कि अमेरिका में विनिर्माण रातोरात वापस आ जाएगा तो यह बात हकीकत से दूर है। इसमें वर्षों लगेंगे। इस बीच, आपूर्ति संबंधी मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं। मुद्रास्फीति नियंत्रण में होने के बावजूद फेड सतर्क है क्योंकि इस तरह की अनिश्चितताएं कभी भी बढ़ सकती हैं। यह प्रमुख जोखिमों में से एक है। हम अनुमान लगा रहे हैं कि दिसंबर 2025 तक ब्रेंट की कीमत 55-60 डॉलर प्रति बैरल के बीच होगी। दूसरी छमाही के लिए औसत कीमत 60 डॉलर से थोड़ी सी अधिक रह सकती हैं। हमारा मूल अनुमान यह है कि ओपेक+ सुस्त मांग वृद्धि के इस माहौल में कीमतों का आक्रामक रूप से बचाव नहीं करेगा। अगर वह अपना रुख बदलता है तो निश्चित ही पूर्वानुमान बदल जाएगा।

### बाजार ने वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती




अनिश्चितता का असर काफी हद तक दिख चुका है। यही कारण है कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कीमतों में फिर उछाल आने से पहले तेल कुछ समय के लिए 60 डॉलर से नीचे आ गया था। बाजार ने वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती, तेल की मांग में कमी और ओपेक+ की आपूर्ति में संभावित वृद्धि को पहले ही मान लिया है। पश्चिम एशिया के संघर्ष क्या रुप लेते हैं, यह अभी तय नहीं है। कीमतों में अभी भी भू-राजनीतिक जोखिम का तत्व ज्यादा है अन्यथा आपूर्ति-मांग के हिसाब से तो कीमतें और भी कम होतीं।

# मंडियों में सोयाबीन में प्लांटों की खरीदी कमजोर

### तेल मिलों की मांग से सरसों के भाव बढ़कर बोले गए

**इंदौर।** आयातकों की बिकवाली आने एवं वनस्पति निर्माताओं की मांग घटने से कांडला में सीपीओ के भाव 9600 से घटकर 9100 रूपए रह गए। सटोरियों की लेवाली बिकवाली से केएलसी में सीपीओ वायदा जुलाई व अगस्त डिलीवरी में गिरावट रही। आपूर्ति को देखते हुए आने वाले दिनों में मंदे की संभावना कम है। इधर, मंडियों में सोयाबीन में भी प्लांटों की खरीदी कमजोर होने से भाव 100 रुपए तक घटाकर बोले गए, जबकि स्टॉकिस्टों की बिकवाली घटने एवं तेल मिलो की मांग से सरसों के भाव उपरी स्तर से 100 रुपए बढ़कर 6700-6750 रुपए प्रति किवंटल हो गए। मांग एवं स्टॉक को देखते हुए आने वाले समय में इसमे ज्यादा घट बढ की संभावना नहीं है।

**तिलहन-** सरसों निमाड़ी (बारीक) 6300-6400 रायडा 5700-5800 सोयाबीन 42300, टोली 4350-4400 रु. प्रति क्विंटल।

**सोयाबीन प्लांट-** अवी एग्री उज्जैन 4325, बैतूल ऑयल सतना 4515, बैतूल आयल 4525, कोरोनेशन ब्यावरा 4325, धानुका सोया नीमच 4400, धीरेंद्र सोया नीमच 4450, दिव्य ज्योति 4335, हरिओम रिफाइनरी मंदसौर 4350, केएन एग्री इटारसी 4375, आइडिया लक्ष्मी देवास 4300, केपी सॉल्वेक्स निवाड़ी 4400, खंडवा ऑयल 4325, मित्तल सोया देवास 4375, एमएस सॉल्वेक्स नीमच 4400, नीमच प्रोटीन 4425, प्रकाश पीथमपुर 4380, प्रेस्ट्रीज देवास 4375, रामा फास्फेट, धरमपुरी 4300, राम जानकी एग्री ट्रेड, देवास 4300, आरएच सॉल्वेक्स सिवनी 4320, सांवरिया इटारसी 4430, सालासर हरदा 4395, सतना सॉल्वेंट 4381, सूर्या फूड मंदसौर 4420, वर्धमान साल्वेंट अंबिका कालापीपल 4325, विप्पी सोया देवास 4325 रुपए प्रति क्विंटल बोली गई।



**कपास्या खली-** (60 किलो भरती) इंदौर 2300, देवास 2300, उज्जैन 2300, खंडवा 2275, बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 रुपए।

### कॉर्पोरेट समाचार

## सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार हरे निशान के साथ बंद

**मुंबई।** शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बैंकिंग शेयरों में खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में तेजी का असर भारतीय बाजार पर दिखा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 193.42 अंक यानी 0.23 फीसदी चढ़कर 83,432.89 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 83,477.86 के उच्च स्तर और 83,015.83 के निचले स्तर तक गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 55.70 अंक यानी 0.22 फीसदी की बढ़त के साथ 25,461 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और लार्सन एंड टुब्रो जैसे शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, ट्रेंट, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और मारुति के शेयरों में गिरावट देखी गई। यूरोपीय बाजारों में भी नकारात्मक रुख देखा गया। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

## एसबीआई ने आरकॉम का लोन अकाउंट फ्रॉड घोषित किया

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लोन खाते को फ्रॉड बता दिया है। यह फैसला हाल ही में बैंक की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन कमेटी की रिपोर्ट के बाद लिया गया। एसबीआई का आरोप है कि कंपनी ने लोन की राशि का दुरुपयोग किया और फंड को रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड और समूह की अन्य कंपनियों में डायवर्ट किया गया। साथ ही कंपनी ने लोन की शर्तों का भी उल्लंघन किया। बैंक अब आरकॉम के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया में है, जिससे उनकी अन्य वित्तीय गतिविधियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इस घटनाक्रम से टेलीकॉम सेक्टर में एक नई कंट्रोवर्सी शुरू हो गई है। वहीं अनिल अंबानी ने एसबीआई को पत्र लिखकर इस निर्णय पर कड़ा ऐतराज जताया है।

## भारत की 14 प्रमुख कार कंपनियों ने बेचीं कुल 43,20,696 कारें

**नई दिल्ली।** भारत की 14 प्रमुख कार कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में कुल 43,20,696 कारें बेचीं। इन कारों में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी गाड़ियों का दबदबा रहा। सबसे ज्यादा पेट्रोल गाड़ियां बिकीं, जिनकी बिक्री 24,84,331 यूनिट रही और इसका मार्केट शेयर 57.5प्रतिशत रहा। पेट्रोल कारों की लोकप्रियता का कारण इनकी कीमत, हर बजट में मौजूद विकल्प, आसान मेंटेनेंस और भरोसेमंद इंजन हैं। मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 11,48,363 पेट्रोल कारें बेचीं और इस सेगमेंट में अपनी मजबूत पकड़ साबित की। दूसरी ओर, सीएनजी कारों की मांग ने डीजल को पीछे छोड़ दिया। कम खर्च और खासकर शहरों में बढ़ती मांग की वजह से सीएनजी गाड़ियों की बिक्री 8,38,546 यूनिट तक पहुंच गई, जो कुल बिक्री का 19.4प्रतिशत हिस्सा रही।

### 443 करोड़ के 114 विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन-लोकार्पण

# अनूपपुर-सिंगरौली में विकास की सौगात देंगे सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

**सौगात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 4 जुलाई को अनूपपुर जिले में 443.31 करोड़ रूपये लागत के 114 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण और सिंगरौली में आयोजित कार्यक्रम में 503 करोड़ 9 लाख 19 हजार रूपये लागत के 54 विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनूपपुर जिले के कोतमा के कार्यक्रम में जल संसाधन एक, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 28, राजस्व के एक, लोक शिक्षण/स्कूल शिक्षा के 2, राज्य शिक्षा केंद्र के 21, लोक निर्माण विभाग के 2, नगरीय प्रशासन एवं विकास के 3, जनजातीय कार्य के एक, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के एक और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के एक कुल 61 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जिनकी अनुमानित लागत 365.39 करोड़ रुपये है। साथ ही 9 विभागों के 53 कार्यों जिनकी लागत 77.92 करोड़ रुपये है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में उज्जैन की बिटिया, अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी कु. प्रियांशी प्रजापति ने भेंट की। प्रियांशी ने वियतनाम में एशियाई कुश्ती चैंम्पियनशिप में अंडर- 23 श्रेणी में गोल्ड मैडल प्राप्त कर मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रतिभाशाली बिटिया प्रियांशी को इस उपलब्धि के लिए शाबाशी और बधाई देते हुए कहा कि कु. प्रियांशी प्रजापति को 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



### सिंगरौली जिले में लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री सिंगरौली जिले के सरई में हायर सेकण्डरी स्कूल परिसर में जनजातीय और महिला सम्मेलन में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री सम्मेलन में सिंगरौली जिले को 503 करोड़ 9 लाख 19 हजार रुपए के 54 निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। समारोह में मुख्यमंत्री 104 करोड़ 67 लाख 26 हजार रुपए की लागत के 20 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 398 करोड़ 41 लाख 93 हजार रुपए की लागत के 34 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंगरौली जिले में सांदीपनि हायर सेकण्डरी स्कूल चकरिया एवं हिरवाह, विद्युत सब स्टेशन हरफरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, 8 सड़कों का डामरीकरण, कालेज भवन बरगवां, लोक सेवा केन्द्र माड़ा एवं सरई और आयुष विंग के निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 11 सड़क, मेडिकल कालेज में 400 बिस्तर के अस्पताल भवन, एकल नल जल योजनाओं, नगर निगम सिंगरौली में सड़क निर्माण, नाली निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा क्षेत्र चितरंगी के 13, विधानसभा क्षेत्र सिंगरौली के 25, विधानसभा क्षेत्र देवसर के 15 तथा विधानसभा क्षेत्र धौहनी के एक निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे।

## शॉट न्यूज

### दुल्हन ही चोर अभी आते हैं; बोल- मंडप से ही गहने-पैसे लेकर फुर्र

**बड़वानी**। दूल्हा दुल्हन के दरवाजे पर बारात लेकर पहुंचा तो वह यह सोचकर बहुत खुश था कि अब उनकी शादी होगी। लेकिन जैसे ही शादी की सभी रस्में पूरी हुईं तो दुल्हन के परिवार वालों ने दूल्हे के परिवार वालों से कहा कि वे कुछ सामान भूल गए हैं, और वे दुल्हन को भी अपने साथ ले गए। इधर दूल्हा और उसके परिवार वाले पूरी रात दुल्हन के लौटने का इंतजार करते रहे। लेकिन सुबह होते-होते इस मामले में बड़ा ट्विस्ट तब आया, जब दूल्हे को पता चला कि उसकी पत्नी ने उसे धोखा दिया है। दुल्हन की शादी होते ही वह शादी के मंडप से सारे गहने और पैसे लेकर अपने गैंग के साथ फरार हो गई थी। तब दूल्हे ने अपनी मां को आपबीती बताई और कहा कि मेरी पत्नी भाग गई है। यह मामला मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का है। यहां के रहने वाले नान सिंह की शादी नहीं हो रही थी।

### स्कूल बना स्विमिंग पूल, रास्ता हो गया बंद

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस में बुधवार की रात से शुरू हुई जोरदार बारिश की वजह से गुंजारी नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वहीं पानी के तेज बहाव में नालों पर बने पुल बह गए हैं। यहां तक की निचले क्षेत्र में नदी का पानी स्कूल और घर तक पहुंच गया है। बाढ़ जैसे हालत होने के बाद भी किसी स्थान पर प्रशासन द्वारा कोई राहत या बचाव कार्य नहीं शुरू किया गया है, न ही नुकसान का कोई आंकलन किया गया। गुंजारी नदी में पानी बढ़ने की वजह से कोलारस के मोहरा गांव में मोहरा-सरजापुर से कोलारस आने वाले रास्ते पर बना पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। इस कारण कई गांवों के लोगों का आवागमन बाधित हो गया। इसके अलावा मोहरा गांव के सरकारी स्कूल में घुटने से ऊपर तक पानी भरने के कारण स्कूल स्वीमिंग पूल बन गया है।

### 'प्राकृतिक आपदा पर किसी का बस नहीं'

**छतरपुर**। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम में हादसे के बाद पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दो दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई का जन्मदिन समारोह बहुत ही साधारण तरीके से मनाया जाएगा। कोई धूम धड़ाका या संगीत जैसे कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे। हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा और भंडारे में प्रसाद पाया जाएगा। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंच से कहा कि प्राकृतिक आपदा पर किसी का बस नहीं है। हमें दुख है कि एक व्यक्ति का शरीर नहीं रहा और कुछ लोग घायल हुए हैं। आगे की सावधानी और इस घटना की वजह से सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित किए जाते हैं। मृतक के दामाद राजेश कौशल ने बताया कि टिन शेड से निकला लोहे का एंगल उनके ससुर श्यामलाल कौशल के सिर पर लग गया था।

# अमेजन में नौकरी लगवाने के नाम पर करता ठगी

### 80 युवाओं को शिकार बनाने वाला गिरफ्तार, फर्जी ई-मेल से भेजता था नियुक्ति पत्र

**संवाददाता ● भोपाल**

**ठगी**

अमेजन में टेलीकॉलर की नौकरी लगवाने के नाम पर भोपाल सहित आसपास के युवाओं से ठगी करने वाले एक शातिर जालसाज को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान तलैया निवासी नबील सिद्दीकी के रूप में हुई है। नबील ने अब तक 80 से अधिक बेरोजगारों को अपने झांसे में लेकर लाखों रुपए की ठगी की है। एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी नबील पहले अमेजन कंपनी की पुणे स्थित ब्रांच में टेलीकॉलर के रूप में काम कर चुका है। इस अनुभव का फायदा उठाकर वह भोपाल में अमेजन के नाम से फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देता था। वह इसी ई-मेल आईडी से युवाओं को फर्जी जॉइनिंग लेटर भेजता था ताकि उस पर कोई शक न कर सके।

**समूह में भर्ती का देता था झांसा** – पूछताछ में सामने आया है कि नबील लोगों को समूह (बैच) में नौकरी लगाने का झांसा देता था। पहले वह कहता कि कंपनी को 30 लोगों की जरूरत है, फिर संख्या बढ़ाकर 50 और फिर 100 कर देता था। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों से पैसे वसूले जा सकें। जांच अधिकारी भरत प्रजापति के अनुसार नबील ने शुरू में 30 लोगों का एक बैच तैयार किया और कहा कि अमेजन पुणे ऑफिस में इन्हें नियुक्त किया जाएगा। फिर कहा कि कंपनी को 50 लोगों की जरूरत है। नियुक्ति तभी होगी जब संख्या पूरी होगी। कई लोग फंसते चले गए।




**जब युवाओं ने की पड़ताल, तब फूटा भांडा**– जैसे-जैसे नियुक्ति टलती रही, कुछ युवाओं को शक हुआ और उन्होंने अपने स्तर पर पड़ताल की। अमेजन से संपर्क किया तो पूरा मामला फर्जी निकला। इसके बाद क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच को नबील की पिछले एक साल से तलाश थी। वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वह इस ठगी में अकेला था या इसके पीछे कोई संगठित गिरोह काम कर रहा था। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि फरारी के दौरान वह कहां-कहां रहा और किन-किन लोगों से संपर्क में था।

### यूरिया की किल्लत; 3 बोरी खाद को तरसे किसान

**खरगोन**। मध्य प्रदेश में खाद को लेकर किसानों की पीड़ा एक बार फिर सामने आई है। खरगोन जिला मुख्यालय पर यूरिया खाद की परेशानी और बढ़ गई है। यहां हालात इतने बिगड़ गए हैं कि किसान अपने परिवार के साथ देर रात से लाइन में लग रहे हैं। इसमें हाउसवाइफ और स्कूल कॉलेज जाने वाली छात्राएं भी शामिल है। सहकारी सोसाइटी में यूरिया खाद नहीं मिलने से परेशान किसान खाद की तीन बोरी के लिये जिला मुख्यालय पर पहुंच रहे हैं। यहां राज्य सहकारी विपणन संघ के ऑफिस के बाहर देर रात से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। किसान कई किमी की दूरी तय कर जिला मुख्यालय ऑफिस पर पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि घर का कामकाज छोडकर महिलाएं और कॉलेज में पढने वाली स्टूडेंट्स पढ़ाई छोड़कर रात में ही खाद लेने पहुंच जाती है।

### विदिशा में खामोश क्रांति! छोड़ी जॉब, गोबर से बना रहे 'सोना'

**विदिशा**। आईआईटी से पढ़े पराग अग्रवाल एक खामोश क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं। वे अक्सर बेकार समझे जाने वाले गोबर को आदिवासी महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बना रहे हैं। अपने एनजीओ 'पालन' के माध्यम से पराग ने 130 से अधिक आदिवासी महिलाओं को इस मुहिम से जोड़ा है, जो अब गोबर से अपनी किस्मत संवार रही हैं। ये महिलाएं गोबर से खूबसूरत सजावटी सामान और सुगंधित धूप बनाती हैं। इनकी मांग दिल्ली, गुजरात और राजस्थान जैसे बड़े शहरों तक है। यह सब पराग के उस विचार से शुरू हुआ जब उन्होंने अपने गांव में गोबर की बर्बादी देखी और उसके रचनात्मक उपयोग पर शोध किया। पराग की कहानी किसी 'स्वदेस' फिल्म से कम नहीं है। 2021 में वे 15 दिन की छुट्टी पर घर आए थे।

### बैतूल में छिपा था 30 हजार का इनामी

# सरेराह हत्या करने वाला कुख्यात बदमाश बन्ने खां गिरफ्तार



**संवाददाता ● भोपाल**

**मामला**

जन्मदिन पार्टी में युवक की हत्या करने वाला कुख्यात बदमाश नसीम उर्फ बन्ने खां को भोपाल पुलिस ने बैतूल से गिरफ्तार किया है। कुख्यात बदमाश बन्ने खां पर हत्या के मामले में 30 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस से भागने के चक्कर में उसके पैर में चोट लगी और पुलिस ने उसका इलाज भी कराया। इलाज होने के बाद उसे गिरफ्तार किया है। नसीम उर्फ बन्ने खां मूलतः शाजापुर जिले का रहने वाला है और वर्षों से भोपाल में परिवार के साथ रह रहा है। बन्ने खां के खिलाफ इस हत्या के साथ भोपाल, सीहोर और राजगढ़ में करीब 46 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। उसके खिलाफ कई बार इनाम घोषित हो चुका है। पुलिस हिरासत से भी वह भाग चुका है।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय अमित 28 जून की दरमियानी रात एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने छोला थाने के लीलाधर कॉलोनी पहुंचा था। जन्मदिन पार्टी में राजा खटीक भी शामिल था। नसीम उर्फ बन्ने खां बदमाश राजा खटीक को ही मारने छह साथियों के साथ पहुंचा था। जैसे ही बन्ने खां के लीलाधर कॉलोनी पहुंचने की सूचना मिली, राजा खटीक मौके से भाग गया और बन्ने खां ने अमित वर्मा को गोली मार दी।

#### हवाला की लूट की राशि को लेकर राजा खटीक से विवाद

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजाखटीक और बन्ने खां दोनों लीलाधर कॉलोनी में ही रहते हैं। दोनों बदमाश हैं और अलग-अलग गैंग को संचालित करते हैं। बदमाश राजा खटीक हवाला कारोबार करने वालों के एजेंटों को लूटता है। राजा खटीक ने कुछ दिन पहले ही एक हवाला एजेंट से कुछ राशि लूटी थी, हालांकि हवाला कारोबारी अधिकांश मामलों में प्रकरण दर्ज नहीं कराते। इस हत्याकांड में आरोपी बन्ने खां, वसीम और राजा खटीक पहले एक साथ ही लूट की वारदात को अंजाम देते थे। राजा खटीक और वसीम के भाई नदीम के बीच लूट के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। राजा ने नदीम के साथ मारपीट कर दी थी। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए नसीम और उसके साथी राजा को मारने पहुंचे थे, लेकिन फायरिंग में अमित वर्मा को गोली लगी और उसकी हत्या हो गई।

# रेनो इंडिया के नए आर स्टोर ने मप्र में किया प्रवेश

**संवाददाता ● सागर**

रेनो. रीथिंक. ब्रांण्ड ट्रांसफोर्मेशन स्ट्रैटेजी के तहत अपनी बोल्ड यात्रा को जारी रखते हुए फ्रांस के कारनिर्माता रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी रेनो इंडिया ने इंदौर एवं सागर में दो नए आर स्टोर खोलने की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ ब्राण्ड ने मध्य प्रदेश में अपनी नई रीटेल पहचान की शुरूआत की है। उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए रेनो इंडिया की ब्राण्ड एक्सपीरिएंस एवं ट्रांसफोर्मेशन स्ट्रैटेजी के तहत डिज़ाइन इनोवेशन, डिजिटल इंटीग्रेशन एवं उपभोक्ता-उन्मुख सर्विस के संयोजन के साथ यह रोलआउट किया गया है।

इस अवसर पर श्री फ्रांसिस्को हिडाल्गो, वाईस प्रेज़ीडेन्ट, सेल्स एण्ड मार्केटिंग- रेनो इंडिया प्रा. लिमिटेड ने कहा, ''मध्य प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण मार्केट है, राज्य में हमारे वाहनों को खूब पसंद किया जा रहा है। ऐसे में इंदौर और सागर में नए आर स्टोर्स की ओपनिंग रेनो. रीथिंक. स्ट्रैटेजी के अनुसार हमारे कारोबार के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह स्ट्रैटेजी उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए रेनो ग्लोबल ब्राण्ड के मूल्यों के अनुरूप उन्हें सकारात्मक अनुभव प्रदान करने पर फोकस करती है। मध्य प्रदेश अब हमारे नए आर स्टोर मैप पर आ गया है, ऐसे में हम देश भर में भविष्य के अनुकूल रीटेल सिस्टम बनाने की दिशा में और आगे बढ़ गए हैं। अपने विस्तार को जारी रखते हुए हम उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने तथा ऑटोमोटिव रीटेल में नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। जल्द ही हमने भारत में 2 और नए आर स्टोर खोलने की योजना बनाई है।

**इंदौर और सागर में खोले नए स्टोर**

इस विस्तार के साथ कंपनी ने आधुनिक स्टोर डिज़ाइन, इनोवेटिव लेआउट के ज़रिए एवं कार खरीदने की यात्रा को डिजिटल बनाकर देश भर के उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत बना लिया है।

यह लॉन्च रेनो के समग्र विश्वस्तरीय दृष्टिकोण के अनुरूप इसके आर्कीटेक्चर, में आधुनिक डिज़ाइन एवं इनोवेशन को शामिल कर उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने की रेनो की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आउटलेट रेनो की नई विज़ुअल पहचान के साथ डिज़ाइन किया गया है, जिसके स्लीक ब्लैक फ्रंट एवं अपडेटेड लोगो डिज़ाइन और विश्वस्तरीय मानक इस कार डीलरशिप को अधिक आकर्षक एवं फ्यूचर-रैडी बनाते हैं। वाहनों पर केंद्रित नए कार शोरूम की अवधारणा उपभोक्ताओं के अनुभव को पूरी तरह बदल देती है। नए डिज़ाइन के लेआउट में कारों के लिए पर्याप्त स्थान है, ऐसे में आगंतुक आराम से घूमते हुए हर मॉडल को हर एंगल से देख सकते हैं। कुल मिलाकर यह शानदार शोकेस उपभोक्ताओं को आरामदायक माहौल में समग्र अनुभव प्रदान करता है। रेनो के ग्लोबल रीटेल मानकों के अनुरूप यह नया आर स्टोर उपभोक्ताओं के लिए आधुनिक कार की खरीद को सहज बना देगा, जिससे मध्य प्रदेश के उपभोक्ता कार की खरीद का स्टाइलिश और सहज अनुभव पा सकेंगे।

### इनमें 60% छात्राएं; सीएम बोले- अगले साल से लैपटॉप देंगे, विभाग तैयार कर ले

# एमपी के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप राशि

**संवाददाता ● भोपाल**

**प्रोत्साहन**

मध्यप्रदेश में आज मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि दी गई। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को 25-25 हजार की राशि प्रदान की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, कई बार देखा गया है कि छात्रों के परिवार लैपटॉप राशि को दूसरे कार्यों में खर्च कर देते है। ऐसे में हम कोशिश करेंगे कि अगले साल से सीधे अच्छी कंपनी के लैपटॉप दिए जाए। सीएम ने बताया कि इस साल योजना के लाभार्थियों में 60% बेटियां हैं। 56,246 बेटियां और 37,988 बेटे। उन्होंने कहा कि यह एक सकारात्मक संकेत है कि बेटियां न केवल बराबरी कर रही हैं, बल्कि पढ़ाई में आगे भी निकल रही हैं। अब बेटों को अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी।



#### सरकारी स्कूलों ने पछाड़ा प्राइवेट स्कूलों को

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार 52% लाभार्थी सरकारी स्कूलों से हैं, जबकि 48% प्राइवेट स्कूलों से। यह पहली बार है जब सरकारी स्कूलों के बच्चों का प्रतिशत प्राइवेट स्कूलों से अधिक रहा है। यह उपलब्धि स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षकों और माता-पिता के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा, लैपटॉप कोई दिखावटी ट्रॉफी नहीं है, यह ज्ञान की असली कुंजी है। एक किताब, एक लैपटॉप और एक गुरु – यही जीवन के सच्चे साथी हैं।

#### 75% या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को मिली राशि

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75% या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को यह लाभ मिला। योजना के तहत छात्रों को सीधे उनके बैंक खाते में ₹25,000 की राशि भेजी जाती है ताकि वे अपनी पसंद का लैपटॉप खरीद सकें।

#### 94 हजार 234 स्टूडेंट्स को मिला लैपटॉप

**योजना की शुरुआत :** 2009-10
**अब तक लाभार्थी :** 4.32 लाख विद्यार्थी
**अब तक कुल राशि वितरित :** ₹1080.04 करोड़
**2025 में वितरित राशि:** ₹235.58 करोड़
**2025 में लाभार्थी:** 94,234 छात्र

#### सीएम बोले- हमारे बीच नेता क्यों नहीं निकलते?'

मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद करते हुए एक सवाल उठाया तुम में से कोई यह क्यों नहीं कहता कि मैं नेता बनूंगा, चुनाव लड़ूंगा, देश की सेवा करूंगा? डॉक्टर, इंजीनियर, IAS बनना बहुत अच्छा है, लेकिन समाज को चलाने के लिए अच्छे नेताओं की भी जरुरत है। सुभाष चंद्र बोस का जिक्र करते हुए कहा- स्वाभिमान सबसे बड़ा बल है, नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ICS जैसी बड़ी परीक्षा पास की थी, लेकिन उन्होंने उस डिग्री को फाड़कर फेंक दिया। कहा मैंने यह परीक्षा अंग्रेजों को बताने के लिए दी थी कि भारतीयों में बुद्धि की कोई कमी नहीं। ऐसा स्वाभिमान ही इस देश को आगे ले गया है।" मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ऐसे छात्रों की फीस भर रही है, जिन्हें प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल गया है लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर है। 80 लाख तक की मदद सरकार दे रही है। शर्त सिर्फ इतनी है कि वह बच्चा नीट क्वालिफाई करे और पढ़ाई के बाद 5 साल तक प्रदेश में सेवा करे। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पहली बार आदिवासी छात्रों के लिए JEE, NEET, IAS और NET जैसी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निशुल्क छात्रावास, भोजन और कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है।

# लोगों ने फिल्म का जश्न मनाया...

## रश्मिका ने 'एनिमल' पर तोड़ी चुप्पी, रणबीर कपूर का ऐसे किया बचाव



साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। सिनेमा लवर्स उनकी अपकमिंग फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। गुडबाय फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया और इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा की मूवी में भी काम किया, लेकिन उनके काम को एनिमल में सबसे ज्यादा सराहा गया। इसमें रणबीर कपूर ने ऑनस्क्रीन हसबैंड का रोल निभाया। जब भी रश्मिका के करियर पर बात होती है, तो इस फिल्म का जिक्र जरूर किया जाता है। इसकी स्टोरी और मारधाड़ वाले सीन्स पर कुछ लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म के बारे में खुलकर बात की है। एनिमल के बाद छावा फिल्म में भी रश्मिका मंदाना ने अपने किरदार की जरूर को बखूबी निभाया। विक्की कौशल स्टारर यह फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज पर बनाई गई। इस ऐतिहासिक ड्रामा को लोगों ने खूब पसंद किया और इसके बाद रश्मिका को सलमान खान की सिकंदर में देखा गया। यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप जरूर हो गई, लेकिन एक्ट्रेस को अपने रोल से लोगों को प्रभावित करने में सफलता जरूर मिली। एनिमल फिल्म के बारे में बात करते हुए रश्मिका ने कहा, 'अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं, जो फिल्म से प्रभावित होने थिएटर जाते हैं, तो जरूरी है कि आप अपनी तरह की फिल्म देखें, जैसा आप बनना चाहते हैं। कोई भी आपको किसी भी फिल्म को देखने के लिए मजबूर नहीं करता है। अगर ऐसा होता, तो फिर हर एक फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होती।' रश्मिका मंदाना को आलोचकों की टिप्पणी से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने रणबीर कपूर के किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, हर व्यक्ति में ग्रे शेड्स कैरक्टर होता है। हम कभी भी काले या सफेद नहीं होते। बस फर्क इतना है कि संदीप रेड्डी वांगा ने इस गड़बड़ किरदार के बारे में बात की। मुझे लगता है कि लोगों ने इस फिल्म का जश्न मनाया, क्योंकि इसने कमाई के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

# जैकलीन को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका!



बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज की फिल्मों का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन दिनों हाउसफुल 5 में उनके काम को सराहा जा रहा है। इसके अलावा, एक्ट्रेस सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की ठगी के मामले को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। दिल्ली हाई कोर्ट से अभिनेत्री को राहत नहीं मिली। आइए जानते हैं कि कोर्ट ने उनकी किस याचिका को खारिज कर दिया है। सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस का नाम जुड़ा था, जिन्हें इस महाठग ने महंगे तोहफे दिए थे। नोरा फतेही का नाम भी मामले से जुड़ा था।

खैर, जैकलीन पर आरोप ज्यादा लगे और ईडी ने उन्हें कई बार पूछताछ के लिए बुलाया था। इस बीच अब एक्ट्रेस की एक याचिका खारिज हो गई है, जिससे उन्हें बड़ा झटका लगा है। बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज को दिल्ली हाई कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली। दरअसल, एक्ट्रेस ने कोर्ट में याचिका दायर कर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को कैंसिल करने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि यह 200 करोड़ की ठगी से जुड़े मामला है, जिसकी वजह से एक्ट्रेस लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है।

# 'वह सबकी मां थी'...

## शेफाली जरीवाला के निधन के एक सप्ताह बाद पति पराग त्यागी ने शेयर की अनदेखी तस्वीर




शेफाली जरीवाला का मुंबई में निधन हो गया था। अभिनेत्री के यूं अचानक गुजर जाने से पूरे एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री शॉक्ड थी। एक्ट्रेस सिर्फ 42 साल की थीं। वहीं अभी तक पराग के जितने भी वीडियो ऑनलाइन लीक हुए उसमें ये साफ देखा गया कि वो काफी ज्यादा इमोशनल थे और अपनी परी को लगातार मिस कर रहे थे। अभिनेता को देखकर ये लग रहा था कि उन्होंने अपना एक प्यारा दोस्त, साथी खो दिया। पराग और शेफाली के बीच बहुत ही अच्छी बॉन्डिंग थी भले ही ये उनकी दूसरी शादी हो लेकिन पराग शेफाली पर अपनी जान छिड़कते थे। अब उनकी अचानक मृत्यु के लगभग एक सप्ताह बाद, पराग ने शेफाली की एक अनदेखी तस्वीर शेयर की और कहा कि वह उन्हें अनंत काल तक प्यार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह चाहते हैं कि हर कोई शेफाली को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद रखे जो हमेशा खुशियां फैलाती थी। इसी के साथ पराग ने शेफाली के लिए एक लंबा-चौड़ा भावनात्मक नोट लिखा है। उन्हें याद करते हुए, पराग ने लिखा, 'शेफाली - हमेशा की तरह कांटा लगा - जो दिखने में जितनी खूबसूरत थी, उससे कहीं ज्यादा वो भीतर से खूबसूरत थी। वह ग्रेस में लिपटी हुई आग थी - तेज, केंद्रित और उग्र रूप से प्रेरित। एक महिला जो इरादे के साथ जीती थी, अपने करियर, अपने दिमाग, अपने शरीर और अपनी आत्मा को शांत शक्ति और अटूट दृढ़ संकल्प के साथ पोषित करती थी। लेकिन अपनी सभी उपाधियों और उपलब्धियों से परे, शेफाली अपने सबसे निस्वार्थ रूप में प्यार थी।' उन्होंने आगे लिखा,'वह सबकी मां थी - हमेशा दूसरों को प्राथमिकता देती थी, अपनी उपस्थिति से ही आराम और गर्मजोशी प्रदान करती थी। एक अच्छी बेटी। एक समर्पित और स्नेही पत्नी और सिम्बा की एक अद्भुत मां। एक सुरक्षात्मक और मार्गदर्शक बहन और मासी। एक बेहद वफ़ादार दोस्त जो साहस और करुणा के साथ उन लोगों के साथ खड़ी रहती थी जिन्हें वह प्यार करती थी।'



**गिरते-पड़ते बारिश में शूट किया था गाना, 27 साल बाद भी है हिट**

काजोल इन दिनों अपनी फिल्म 'मां' को लेकर जबरदस्त चर्चा में बनी हुई हैं। इसी बीच, अब एक्ट्रेस ने 1998 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म 'कुछ कुछ होता है' के हिट गाने को लेकर नया खुलासा किया है। करण जौहर की पहली निर्देशित फिल्म में काजोल के अलावा शाहरुख खान और रानी मुखर्जी भी नजर आए थे। फिल्म की कहानी से लेकर कास्ट तक लोग आज तक भूल नहीं पाए हैं। वहीं दर्शक इस फिल्म के गाने भी बहुत पसंद करते हैं। जी हां, हाल में एक्ट्रेस काजोल ने खुलासा किया था कि 'कुछ कुछ होता है' में एक गाना था जो बारिश में शूट किया गया। लेकिन, इसे शूट करने में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। काजोल ने अपने सबसे अच्छे दोस्त शाहरुख खान के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने शाहरुख, सलमान और आमिर खान के साथ काम किया है। वह सभी अपने का को बहुत अच्छे से करते हैं। लेकिन, करण की फिल्म कुछ कुछ होता है में शाहरुख संग मजा ही गया जब हमने इस फिल्म का गाना न जाने कैसा एहसास है बारिश में शूट किया था। मेरी हालत खराब हो गई थी। मैंने गिरते-पड़ते पूरा सॉन्ग कैसे-तैसे शूट किया था। जो आज भी हिट लिस्ट में बना हुआ है।' एक्ट्रेस ने आग कहा, 'करण सेट पर नहीं था और टीम को कुछ जरूरी सीन शूट करने थे। ऐसे में जब मैं आधी रात को साड़ी पहन कर बारिश में सीन के लिए भागी तो गिर गई थोड़ी बहुत चोट भी आई। लेकिन मैं बच गई ज्यादा कुछ नहीं हुआ।' काजोल ने खुलासा किया था कि फिल्म की शूटिंग के दौरान वह साइकिल से गिर गई थीं और उनकी याददाश्त चली गई थी। शाहरुख खान और काजोल 90 के दशक की मोस्ट रोमांटिक जोड़ियों में शुमार हैं। इतना ही नहीं दोनों ऑफ स्क्रीन भी एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छी बॉन्ड शेयर करते हैं। फिल्म की बात करें तो करण जौहर की पहली डायरेक्टेड फिल्म 'कुछ कुछ होता है' को 27 साल पूरे होने को है।

## जय भानुशाली संग तलाक की खबरों पर भड़कीं माही विज




टीवी एक्टर जय भानुशाली और पत्नी माही विज को लेकर लंब समय से खबरें आ रही हैं कि कपल के बीच चीजें ठीक नहीं और दोनों अलग होने का प्लान कर रहे हैं। अब टीवी एक्ट्रेस माही विज ने इन अफवाहों को लेकर बात की है। माही विज ने कहा कि उन्हें किसी को सफाई देने की जरूरत नहीं है। माही ने कहा कि अगर ऐसा केस है भी तो मैं आपको क्यों बताऊं, क्या आप मेरे वकील के फीस देंगे? माही ने कहा, "अगर ऐसा है भी तो, मैं आपको क्यों बताऊं? क्या आप मेरे अंकल हैं? क्या आप मेरे वकील की फीस देंगे? लोग क्यों किसी के डायवोर्स और अलग होने को इतना बड़ा मुद्दा क्यों बना देते हैं? मैं देखती हूं लोग मेरे कमेंट सेक्शन में लिखते हैं, माही तो डिसेंट है, जय ऐसा है। फिर कोई और लिखा है, जय अच्छा है, माही ऐसी है। वो बस किसी पर आरोप लगाना चाहते हैं। आपको सच पता भी है क्या? आपको क्या पता है? माही ने आगे कहा, 'लोग सिंगल मदर्स और तलाक को बहुत अलग तरीके से देखते हैं। वो मान लेते हैं कि अब ड्रामा होगा, यह एक बड़ा मुद्दा बन जाएगा, दोनों एक दूसरे पर कीचड़ उछालेंगे। मुझे लगता है कि समाज की तरफ से बहुत प्रेशर होता है। जियो और जीने दो। बता दें, माही विज और जय भानुशाली की शादी साल 2011 में हुई थी।

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के 25 साल, एक यादगार सफर पर स्मृति ईरान

**एकता कपूर और अमर उपाध्याय की भावुक यादें**

कुछ कहानियाँ सिर्फ़ देखी नहीं जातीं बल्कि वो हमारी ज़िंदगी का हिस्सा बन जाती हैं। ठीक 25 साल पहले, भारत की जनता ने विरानी परिवार से मुलाकात की और भारतीय टेलीविजन की दुनिया हमेशा के लिए बदल गई। आज एक ऐतिहासिक पड़ाव है, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी, बालाजी टेलीफिल्म्स के प्रतिष्ठित शो ने अपने प्रसारण के 25 शानदार वर्ष पूरे कर रहा है। 3 जुलाई 2000 को शुरू हुए इस शो की कल्पना एकता कपूर ने की थी। यह शो न सिर्फ टीआरपी चार्ट्स पर छाया रहा, बल्कि प्राइम-टाइम टेलीविजन की परिभाषा ही बदल दी और 'सास-बहू' ड्रामे को संस्कृति से जोड़ते हुए दर्शकों के दिलों तक पंहुचा। इस ख़ास मौके पर स्मृति ईरानी, अमर उपाध्याय और एकता कपूर ने उस शो के प्रति अपने दिल से जुड़े जज़्बात साझा किए, जिसने न सिर्फ उसकी अभिनय जर्नी को आकार दिया बल्कि 'सास-बहू' धारावाहिकों की एक नई परंपरा की शुरुआत भी की।

स्मृति ईरानी ने अपनी भावुक प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सिर्फ़ एक धारावाहिक नहीं था वो एक खूबसूरत यादें हैं। जो हम सबने मिलकर बनाई, निभाई और जिसे करोड़ों लोगों ने अपनाया। ये कहानी थी रिश्तों की, परंपराओं की और उस डोर की जो पीढ़ियों को जोड़ती है। 25 साल बाद भी ये कहानी सभी के दिलों में जिंदा है। इस यादगार यात्रा का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला, इसके लिए मैं उन सभी लोगों की आभारी हूँ जिन्होंने इसे संभव बनाया।




इस शो की निर्माता एकता कपूर ने कहा, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' यह शो आज भी मेरे दिल की हर धड़कन में बसता है। जब हमने यह सफ़र शुरू किया था तब सोचा नहीं था कि तुलसी सिर्फ़ किरदार नहीं रहेगी बल्कि वो हर घर की अपनी बन जाएगी। आज भी लोग टाइटल ट्रैक गुनगुनाते हैं, उन भावनाओं को याद करते हैं जो इस शो ने उनमें जगाई थीं। यह उपलब्धि सिर्फ़ हमारी नहीं, हर उस दर्शक की है, जिसने इस कहानी को अपना बनाया। आपने एक धारावाहिक को विरासत बना दिया। शुक्रिया उस रिश्ते को जिंदा रखने के लिए जो अब भी घर जैसा लगता है।

अभिनेता अमर उपाध्याय ने कहा,'25 साल पहले जो सफ़र शुरू हुआ, वो सिर्फ़ एक शो से कहीं ज्यादा था वो प्यार, परंपरा, संघर्ष और बदलाव की कहानी के साथ भारत के करोड़ों परिवारों का आईना बन गया। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का हिस्सा होना, मेरे लिए सिर्फ़ एक रोल नहीं था, यह ज़िम्मेदारी थी, सौभाग्य था और एक ऐसा मोड़ जिसने हम सभी की ज़िंदगी बदल दी। इसने टेलीविज़न का इतिहास फिर से लिखा और पीढ़ियों को जोड़ा। आज भी, जब कोई मुझे 'मिहिर' कहता है, तो उसमें एक अपनापन होता है जैसे कोई पुराना रिश्तेदार बरसों बाद मिल रहा हो।'

उन्होंने आगे कहा, 'क्योंकि... कुछ कहानियाँ सिर्फ़ देखी नहीं जातीं, जी जाती हैं। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी ' एक युग था, एक आंदोलन था और भारतीय परिवारों का आईना।' शांतिनिकेतन की यादें आज भी लोगों के ज़ेहन में बसी हैं। शो के यादगार किरदार, भावनाओं से भरे मोड़ और हर घर की चर्चा बन चुकी घटनाओं ने इसे एक आदत बना दिया था। एकता कपूर की अगुआई में बालाजी टेलीफिल्म्स ने भारतीय टेलीविजन की कहानी को नई दिशा दी। आज जब यह यादें दिलों को छू रही हैं, तो एक सवाल बार-बार उठता है कि क्या विरानी परिवार फिर से लौटेगा? जवाब अभी अधूरा है, लेकिन उम्मीदें ज़िंदा हैं।

# अब भारत ने बांग्लादेश से क्रिकेट सीरीज पर लिया बड़ा एक्शन!

एजेंसी ● नई दिल्ली




बांग्लादेश में अगस्त 2024 में व्यापक छात्र विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना सरकार का पतन हो गया था। छात्रों के नेतृत्व में यह आंदोलन मुख्य रूप से सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण नीति के खिलाफ शुरू हुआ था। प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और देश भर में अशांति फैल गई। इसके बाद से बड़े पैमाने पर हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। महिलाओं के साथ बर्बरता के कई वीडियो सामने आए तो लोगों के घर जला दिए गए। इधर शेख हसीना ने भागकर भारत में शरण ली और उधर पाकिस्तान की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस पूरी तरह से पाकिस्तान परस्ती करने लगे, जबकि इंटरनेशनल लेवल पर कई बयान बांग्लादेश से भारत के खिलाफ आए। अब रिपोर्ट है कि भारतीय सरकार ने बीसीसीआई को बांग्लादेश के साथ सीरीज से हटने को कहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच अगस्त में प्रस्तावित पुरुष क्रिकेट सीरीज रद्द होने की कगार पर है। क्रिकबज के अनुसार, भारतीय सरकार ने दोनों देशों के बीच मौजूदा खराब राजनीतिक संबंधों के कारण बीसीसीआई को इस दौरे से बचने की सलाह दी है। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद से इस क्षेत्र में सबसे बड़े राजनयिक गतिरोधों में से एक पैदा हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (इउइ) ने इस दौरे के मीडिया अधिकारों की बिक्री रोक दी है, जो 7 और 10 जुलाई को तकनीकी और फाइनेंशियल बिडिंग के माध्यम से होने वाली थी। इउइ ने मूल रूप से जुलाई 2025 से जून 2027 तक दो साल की अवधि के लिए मीडिया अधिकार बेचने की योजना बनाई थी।अब वे 17 से 25 जुलाई तक पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की ळ20क घरेलू सीरीज के अधिकार अलग से बेचेंगे, और उसके बाद अन्य मैचों पर काम करेंगे। भारतीय प्रसारकों को सूचित किया गया है कि यह सीरीज नहीं होगी, और एक इनविटेशन टू टेंडर (क्ळळ) भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। एक भारतीय प्रसारक ने बताया- उन्होंने हमें सूचित किया है कि कोई भारत सीरीज नहीं है। निविदा की घोषणा के बाद उन्होंने क्ळळ प्रदान नहीं किया। वे अभी के लिए केवल पाकिस्तान सीरीज के लिए बेच रहे हैं।इउइ को उम्मीद है कि इस स्थगित सीरीज का आयोजन बाद में किया जा सकेगा, लेकिन इउउक से अगले सप्ताह में वर्तमान स्थिति की पुष्टि करने वाला एक आधिकारिक बयान आने की उम्मीद है। इउइ के एक अधिकारी ने कहा- जल्दबाजी करने का कोई मतलब नहीं है। हम अलग-अलग अनुबंध दे सकते हैं। भारत सीरीज की तारीख अभी तय नहीं हुई है। उन्होंने (इउउक) कहा कि अगस्त में उनके लिए आना मुश्किल है। यह ऋळढ का हिस्सा है। क्रिकेट जगत में इसका मतलब यह होगा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रतिस्पर्धी मैदान पर वापसी में देरी होगी, क्योंकि वे अब केवल वनडे ही खेलते हैं। हालांकि, भारत और बांग्लादेश सितंबर में एशिया कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगे, जो फिलहाल होने की संभावना है।

# वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के आगे ऑस्ट्रेलिया की हालत खराब, टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों ने कटाई नाक



एजेंसी ● नई दिल्ली

ग्रेनाडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी 286 रनों पर समाप्त हुई। बारिश से प्रभावित पहले दिन ऑस्ट्रेलिया का टॉप ऑर्डर एक बार फिर से फ्लॉप रहा, लेकिन विकेटकीपर एलेक्स कैरी और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की अर्धशतकीय पारी से कंगारू टीम किसी तरह पहली पारी में एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। मुकाबले में कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। वेस्टइंडीज की तरफ से गेंदबाजी में अल्जारी जोसेफ ने चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजों ने एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के खराब प्रदर्शन करने वाले शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जिसने घरेलू धरती पर होने वाली प्रतिष्ठित एशेज सीरीज से पहले चयनकर्ताओं के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजों का ऐसा कहर था कि एक समय ऑस्ट्रेलिया के 63 रन के स्कोर पर 5 विकेट गिर गए थे। हालांकि, अच्छी बात ये रही कि वेबस्टर और कैरी ने मिलकर 112 रन की साझेदारी की टीम के स्कोर किसी तरह 200 रन के करीब लाने में सफल रहे। वेबस्टर ने 115 गेंद में 60 रनों की पारी खेली जबकि कैरी ने 81 गेंद में 63 रनों का योगदान दिया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की पारी सिमटने के बाद अंतिम सेशन में वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे, लेकिन अंपायरों ने खराब रोशनी के कारण स्टंप्स की घोषणा कर दी।

इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज सैम कॉन्स्टास और उस्मान ख्वाजा ने एक अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े थे, लेकिन इसके बाद मेहमान टीम ने ड्रिंक्स ब्रेक के बाद तीन विकेट गंवा दिए। ख्वाजा के 6000 टेस्ट रन पूरे करने के कुछ ही देर बाद आउट हुए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई बने। इसके अगले ओवर में कॉन्स्टास 25 रन बनाकर आउट हो गए जो बॉक्सिंग डे के बाद से उनका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर था।ऑस्ट्रेलिया अचानक 3 विकेट पर 50 रन की खराब स्थिति में था जब चोट से उबर कर लौटे स्टीव स्मिथ ने डीप फाइन लेग की तरफ पुल शॉट खेलकर जोसेफ का दूसरा शिकार बने और 3 रन पर आउट हो गए। लंच से पहले के आखिरी ओवर में जॉन कैंपबेल ने कैमरून ग्रीन को कवर पर एक आसान मौका गंवाकर जीवनदान दिया, लेकिन वेस्ट ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस मौके का फायदा नहीं उठा सका और कुछ गेंदों बाद गली में 25 रन पर कैच आउट हो गए।

# आकाशदीप सिंह को शुभमन गिल से पड़ी डांट, इस गलती पर गुस्से में कप्तान का चेहरा लाल

एजेंसी ● बर्मिंघम



भारतीय क्रिकेट टीम ने बर्मिंघम टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अपना शिकंजा कस दिया है। खास तौर पर तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह ने तो कमाल ही कर दिया। आकाशदीप ने इंग्लैंड के दो टॉप ऑर्डर बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप को आउट किया। ये दोनों बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए। हालांकि, इस शानदार गेंदबाजी से पहले आकाशदीप को कप्तान शुभमन गिल से भयंकर डांट पड़ी थी, जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

बता दें कि यह घटना दूसरे के खेल के टी ब्रेक से ठीक पहले की है। शुभमन गिल इंग्लैंड के गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी थी, लेकिन उनके साथ पुछल्ले बल्लेबाज आकाशदीप सिंह बैटिंग कर रहे थे। शुभमन गिल 260 रन बनाकर खेल रहे थे और वह एक तेज सिंगल लेना चाहते थे, लेकिन आकाशदीप पूरी तरह से तैयार नहीं थे। तभी मिड-ऑन पर खड़े ओली पोप ने अपनी दाहिनी ओर गोता लगाकर फुर्ती दिखाई और गेंद को विकेटकीपर की ओर फेंका।हालांकि, पोप का यह थ्रो सटीक नहीं था, जिसके कारण गिल और आकाशदीप के बीच एक रन पूरा हो गया। आकाशदीप को अपनी क्रीज पर वापस आने के लिए कुछ अतिरिक्त समय मिल गया। वहीं शुभमन गिल जैसे ही नॉन-स्ट्राइकर एंड पर पहुंचे उन्होंने आकाशदीप को जोर से डांट लगाई और कुछ बातें सुनाईं। गिल ने आकाश दीप से कहा, 'देख क्या रहा है? भाग जल्दी से।' चुकी गलती आकाशदीप की थी, इसलिए वह भी शुभमन गिल के गुस्से का बुरा नहीं माने।बता दें कि शुभमन गिल ने 269 रनों की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 387 गेंद का सामना करते हुए 30 चौके और 3 छक्के भी लगाए। उनकी शानदार बल्लेबाजी के कारण ही इंग्लैंड के खिलाफ टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 587 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत खराब हुई है। दूसरे दिन की समाप्ति तक इंग्लैंड ने 77 रन पर अपने तीन विकेट गंवा दिए हैं।




ग्वाटेमाला के डिफेंडर निकोलस समायोआ (3) और संयुक्त राज्य अमेरिका के फॉरवर्ड पैट्रिक अग्येमंग (24) सेंट लुइस में कॉनकाकैफ गोल्ड कप सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के पहले हाफ के दौरान गेंद को हेड करने के लिए आगे बढ़ते हैं।

# रविंद्र जडेजा ने बीसीसीआई के नियम की उड़ाई धज्जियां, फिर भी खुश होंगे गौतम गंभीर और शुभमन

एजेंसी ● बर्मिंघम



भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट के दूसरे दिन बीसीसीआई के एक नियम को तोड़ दिया। जडेजा ने बर्मिंघम टेस्ट मैच के दूसरे दिन 89 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान शुभमन गिल के साथ छठे विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी की। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद जब भारतीय टीम अपने होटल से स्टेडियम आ रही थी, तभी जडेजा ने बीसीसीआई के द्वारा बनाए नियम को ताक पर रख दिया।

रविंद्र जडेजा ने बीसीसीआई एक प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जिसे भारत के 2024-25 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद लागू किया गया था। इस प्रोटोकॉल के अनुसार सभी खिलाड़ियों को टीम बस से एक साथ मैदान पर आना-जाना होगा जिसमें किसी भी व्यक्तिगत आवाजाही की अनुमति नहीं है, लेकिन बर्मिंघम टेस्ट के दूसरे दिन जडेजा टीम बस में स्टेडियम नहीं पहुंचे थे। वह सबसे पहले यहां अकेले आ गए थे। ऐसे में जडेजा ने एसओपी का उल्लंघन किया क्योंकि वह बाकी खिलाड़ियों के बाद में आने से पहले ही एजबेस्टन पहुंच गए थे।एजबेस्टन पहुंचने के बाद रविंद्र जडेजा ने सबसे पहले बैटिंग नेट सेशन किया। चूंकि उन्होंने यह टीम के हित में किया इसलिए बीसीसीआई द्वारा जडेजा के खिलाफ कार्रवाई करने की संभावना नहीं मानी रही है। बता दें कि हेडिंग्ले में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद जडेजा को एजबेस्टन टेस्ट के लिए कुलदीप यादव पर तरजीह दी गई क्योंकि भारत ने लीड्स में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में खराब प्रदर्शन के बाद अपने निचले क्रम को मजबूत करने की कोशिश की।जडेजा भी अपनी जिम्मेदारी से भली-भांति वाकिफ थे और उन्होंने क्रीज पर टिके रहकर और गिल का बेहतरीन साथ निभाया। जडेजा के साथ की वजह से गिल ने शानदार 269 रनों की पारी खेली। वहीं एसओपी के उल्लंघन पर रविंद्र जडेजा ने कहा, 'कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे जाकर अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी। मुझे लगा कि अगर मैं नई गेंद का सामना कर सकता हूं तो बाकी पारी के लिए यह आसान हो जाएगा। सौभाग्य से मैं लंच तक बल्लेबाजी कर सका और फिर वाशी (वॉशिंगटन सुंदर) ने भी शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की।'

# माइंड गेम खेल रहे थे हैरी ब्रूक, ऋषभ पंत से नहीं हुआ बर्दाश्त तो इस घटिया हरकत पर सुना डाला

एजेंसी ● बर्मिंघम






बर्मिंघमः शुभमन गिल की दमदार बल्लेबाजी के बाद बर्मिंघम टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने मेजबान इंग्लैंड पर अपना शिकंजा कस लिया है। शुभमन गिल ने रिकॉर्ड 269 रनों की पारी खेली, जिसके दम पर टीम इंडिया ने 587 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद गेंदबाजी में टीम इंडिया के लिए आकाशदीप सिंह ने कमाल का खेल दिखाते हुए इंग्लैंड के 25 रन के स्कोर पर तीन विकेट गिरा दिए।

हालांकि, दिन के खेल की समाप्ति तक जो रूट और हैरी ब्रूक ने मिलकर जैसे-तैसे स्कोर को 77 रन तक पहुंचाने में सफल रहे, लेकिन इस दौरान भारतीय गेंदबाजों के आगे इन दोनों की हालत खराब रही। खास तौर से ब्रूक भारतीय गेंदबाजों से किसी तरह बचते हुए देखे गए, जिसके कारण विकेटकीपर ऋषभ पंत नाराज भी दिखे।बर्मिंघम टेस्ट मैच के दूसरे दिन की समाप्ति से ठीक पहले रविंद्र जडेजा इंग्लैंड की पारी में 19वां ओवर करने आए। ब्रूक जडेजा के खिलाफ काफी असहज महसूस कर रहे थे। वहीं दिन समाप्ति का समय भी हो रहा था। ऐसे में हैरी ब्रूक हर गेंद के बाद वापस स्टांस लेने में समय ले रहे थे। वह जानबूझ कर अपना ग्लव्स खोल रहे थे। ऐसे में ऋषभ पंत को समझ आ गया कि ब्रूक गेंदबाज के साथ माइंड गेम खेल रहे हैं।, क्योंकि जडेजा तेजी के साथ अपना ओवर खत्म कर रहे थे।ऐसे में हैरी ब्रूक को अगली गेंद पर कैसे खेलना है उसके बारे में सोचने का बिल्कुल भी समय नहीं मिल रहा है। हैरी ब्रूक की इसी हरकत पर ऋषभ पंत ने जडेजा ने कहा कि यह सिर्फ टाइम खराब कर रहा है। जडेजा ने भी अंपायर की तरफ देखते हुए पूछा कि ब्रूक ऐसा क्यों कर रहे हैं। दरअसल ब्रूक नहीं चाहते थे कि जडेजा के बाद एक और ओवर का खेल हो। रूट और ब्रूक बस किसी तरह नाबाद पवेलियन वापस जाने की फिराक में थे।

# श्रीमंत झा ने फिर बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान
# केरल में आयोजित नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**त्रिशूर।** छत्तीसगढ़ के होनहार पैरा खिलाड़ी श्रीमंत झा ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। केरल के त्रिशूर में आयोजित नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग चैंपियनशिप में उन्होंने 85 किलोग्राम वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष पैरा आर्म-रेसलर खिलाड़ियों ने भाग लिया था।बता दें कि फाइनल मुकाबले में श्रीमंत ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल जीता। खास बात यह रही कि उन्होंने अपनी यह जीत अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित की, जो उनके संवेदनशील और मानवीय पक्ष को दर्शाता है।

उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश आम रेसलिंग एसोसिएशन ने हर्ष जताया है। संगठन के प्रेसिडेंट जी. सुरेश बाबा, जनरल सेक्रेटरी श्रीकांत, कृष्णा साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रीमंत को शुभकामनाएं दीं और भविष्य के लिए ढेर सारी सफलताओं की कामना की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें राजीव गांधी खेल सम्मान से नवाजा जा सकता है। श्रीमंत झा की यह सफलता न केवल छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन गई है। उनके समर्पण और संघर्ष की यह कहानी प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी अपनी मेहनत से ऊंचाइयों तक पहुंचने का हौसला देगी।



वॉनसन, उत्तर कोरिया। देश के पूर्वी तट पर स्थित एक विशाल रिसॉर्ट वॉनसन कलमा के समुद्र तट पर घरेलू पर्यटक आते हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की पसंदीदा परियोजना, इस रिसॉर्ट में इस महीने के अंत में रूसी मेहमानों का स्वागत करने की उम्मीद है

## शॉर्ट न्यूज

### यूक्रेन नाटो में शामिल होने की जिद छोड़े तभी उससे बातचीत करेंगे-रूस

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फोन पर बात की। जनवरी में ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं ने छठी बार बातचीत की। रूस के मुताबिक, दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान और अमेरिका-रूस संबंधों समेत कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान पुतिन ने साफ किया कि रूस, यूक्रेन वॉर की असल वजह को खत्म करके ही रहेगा। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उसे नाटो में शामिल होने जिद छोड़नी पड़ेगी और 2022 के बाद रूस ने जिन इलाकों पर कब्जा कर लिया है उन्हें मान्यता देनी होगी। पुतिन के सीनियर एडवाइजर यूरी उशाकोव ने बताया कि ट्रम्प ने यूक्रेन वॉर जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। वहीं, पुतिन ने बातचीत के जरिए जंग का हल ढूंढने की कोशिश कर जोर दिया।

### छात्रों से एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले-उड़ने के डर खुद को बांधकर सोता हूं

**लखनऊ।** लखनऊ के एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने यूपी और केरल के छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत की। इस दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष में जीवन से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनके शुक्ला ने डिटेल में जवाब दिए। उन्होंने जीरो ग्रैविटी में तैरते हुए गेंद से खेलने का प्रदर्शन भी किया, जिसे देखकर छात्र रोमांचित हो उठे। छात्रों ने पूछा- अंतरिक्ष में कैसे सोते हैं? जवाब में शुक्ला ने बताया- अंतरिक्ष में फर्श या छत जैसी कोई चीज नहीं होती, इसलिए कोई दीवार पर सोता है तो कोई छत पर। सोते समय खुद को बांधना पड़ता है ताकि तैरते हुए कहीं और न चले जाएं। यूपी के 150 बच्चों और केरल के कोझिकोड जिले के छात्रों को बातचीत के लिए चुना गया था। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन- 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ ISS के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी।

### 2023 में रूस ने ही कहा था आतंकी संगठन

# अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को रूस ने दी मान्यता

**काबुल/मॉस्को ● एजेंसी**

अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा, यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।



### रूस बोला- मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा

रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।

### 2021 में सत्ता पर काबिज हुआ था तालिबान

तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका और भारत समेत अब तक किसी भी देश में तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरुरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं।

# ब्रिटेन संसद में आंसू बहाती दिखीं वित्त मंत्री

### रोने की वजह से पाउंड 1% गिरा, विपक्ष बोला- उनकी कुर्सी खतरे में

**लंदन ● एजेंसी**

ब्रिटेन की वित्त मंत्री रेचल रीव्ज बुधवार को संसद में रो पड़ीं। तब ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। रीव्ज के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई लोगों ने उन्हें कमजोर बताया और उनकी आलोचना की। रीव्ज के रोने का नुकसान ब्रिटिश मार्केट पर तुरंत दिखा। पाउंड की कीमत डॉलर के मुकाबले 1% गिर गई। दरअसल, निवेशकों ने समझा कि चांसलर की कुर्सी खतरे में है। अक्टूबर 2022 के बाद यह पहली बार हुआ जब पाउंड में इतनी गिरावट हुई। उस वक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट ने बाजार में जबरदस्त उथल-पुथल मचा दी थी और उसका नतीजा यह हुआ था कि ट्रस को अपने पद से हटना पड़ा था। इस बीच पीएम स्टार्मर ने रीव्ज का बचाव किया। उन्होंने कहा कि रीव्ज के आंसुओं का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि रीव्ज आने वाले कई सालों तक चांसलर बनी रहेंगी।

**विपक्ष**

**वित्त मंत्री के रोने की वजह अभी मालूम नहीं** - वित्त मंत्री के रोने के पीछे क्या वजह थी, इसे लेकर कई तरह की बातें सामने आईं। कुछ लोगों ने कहा कि विपक्ष के तीखे सवालों ने उन्हें रुला दिया। हालांकि, उनके प्रवक्ता ने कहा कि यह उनका निजी मामला था। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि लेबर सांसदों के साथ हुए विवाद की वजह से वो भावुक हो गईं। दरअसल, चांसलर रेचल रीव्ज और लेबर पार्टी के कई सांसदों के बीच विवाद इसलिए हुआ क्योंकि रीव्ज ने विकलांग और बेरोजगार लोगों को मिलने वाले कुछ फायदे में कटौती करने का प्रस्ताव रखा था। इस फैसले से लेबर पार्टी के बहुत से सांसद नाराज हो गए थे। उन्होंने संसद में उनका काफी विरोध किया। इस विवाद के बाद कीर स्टार्मर सरकार ने कटौती का फैसला वापस ले लिया, लेकिन इसका नुकसान यह हुआ कि सरकार को हर साल लगभग 5 बिलियन पाउंड का नुकसान उठाना होगा। अब संभावना ये बन गई कि इस नुकसान को पूरा करने के लिए उन्हें टैक्स बढ़ाना पड़ सकता है।

# ट्रम्प का बिग ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी संसद से पारित

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

अमेरिकी संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) से कल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का टैक्स और खर्च में कटौती करने वाला बिग ब्यूटीफुल बिल पास हो गया। बिल के सपोर्ट में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। ट्रम्प की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस बिल के खिलाफ वोट दिया था। इसी बिल को लेकर ट्रम्प और इलॉन मस्क ने एक दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रम्प शुक्रवार शाम 5 बजे अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस पर एक बड़े और शानदार समारोह में इस बिल पर साइन करेंगे। यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था। उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस बिल को लेकर निर्णायक वोट डाला था। इलॉन मस्क ने शनिवार को ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की थी। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा था- 'ट्रम्प का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा।

### फैजुल करीम ने किया तालिबान जैसा शासन

# बांग्लादेश में भी जल्द लागू करेंगे शरीयत कानून

**ढाका ● एजेंसी**

बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामी संगठन जमात-चर मोंई के प्रमुख पिर मुफ्ती सैयद मुहम्मद फैजुल करीम ने एक इंटरव्यू में स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह देश में तालिबान शासित अफगानिस्तान की तर्ज पर शरीयत कानून लागू करेंगे। अमेरिका स्थित बंग्ला मीडिया संस्था 'ठिकाना न्यूज' के संपादक खालिद मुहीउद्दीन को दिए गए इंटरव्यू में फैजुल करीम ने कहा, "अगर राष्ट्रीय चुनाव जीतकर सरकार बनी तो 'इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश' देश में शरीयत कानून लागू करेगा।"फैजुल करीम ने अफगानिस्तान के वर्तमान शासन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, हम अफगानिस्तान की शासन प्रणाली को अपनाएंगे। तालिबान सरकार ने जो अच्छा किया है, उसे लागू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सत्ता में आए तो हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार दिए जाएंगे। फैजुल करीम ने यह भी कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों की कुछ अच्छी बातें होंगी तो उन्हें भी अपनाया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह कहा कि वे शरीयत के विरोध में नहीं हों।

**घोषणा**



जमात-चर मोंई जैसे संगठनों का खुलेआम चुनाव लड़ने और शरीयत लागू करने की बातें करना यह दर्शाता है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान इस्लामी कट्टरपंथी संगठन राजनीतिक रूप से सक्रिय हो रहे हैं। बांग्लादेश में हाल ही में सत्ता परिवर्तन हुआ है, जहां पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को छात्रों के आंदोलन के बाद अपदस्थ किया गया था और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाई गई है। हालांकि करीम ने आश्वासन दिया कि अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार मिलेंगे, लेकिन तालिबान जैसे शासन मॉडल के उदाहरण को देखते हुए यह बयान अल्पसंख्यकों के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि ऐसी विचारधारा देश की धर्मनिरपेक्षता, महिला अधिकारों और न्याय व्यवस्था को कमजोर कर सकती है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)